'कौल-कल्पतरु'
चण्डी
श्रीबाला-कल्पतरु
श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी-स्वरूप-निरूपण
श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी की कथा
श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी-साधना-क्रम

'बड़ही' की श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी

आधुनिक बिहार के मुङ्गेर जनपद के अन्तर्गत **बड़ही** थाने के क्षेत्र में **भगवती 'बाला-त्रिपुर-सुन्दरी'** का प्राचीन मन्दिर है । विक्रम की **१५ वीं शताब्दी** में **'बड़ही'** ग्राम में **श्री श्रीधर देव** का जन्म हुआ । इनका पूर्व नाम **श्रीधर ओझा था ।** इनकी उपासना से प्रसन्न होकर **भगवती बाला-त्रिपुर-सुन्दरी** प्रकट होकर इन्हें साक्षात् दर्शन देती थीं । **गङ्गा-तट,** जो **बड़ही** ग्राम के पूर्वी भाग में है, इनका साधना-स्थल था ।

किंवदन्तियों के आधार पर उन्हें जन-कल्याण के लिए यह आवश्यक प्रतीत हुआ कि **श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी** की एक चिर-स्थायी मूर्ति और मन्दिर होना चाहिए । अपने सङ्कल्प की पूर्ति के लिए उन्होंने अपनी आराध्या देवी **श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी** से याचना की । फलतः रात्रि में उन्हें स्वप्नादेश हुआ कि-'प्रातः-काल **गङ्गा-तट** पर जाओ । वहाँ तुम्हें एक खप्पर में **शक्ति-स्वरूपा बाला** प्रज्वलित शिखा के रूप में प्राप्त होंगी ।' **श्रीधर बाबा** तत्क्षण समीपवर्ती **गङ्गा-तट** जा पहुँचे । प्रातः-काल वहाँ देखा कि **एक देदीप्यमान ज्योति** आ रही है और सभी ने उसे एक खप्पर में प्रवाहित होते पाया ।

ज्योति-स्वरूपा जगज्जननी को भक्ति-भाव के साथ **'मृत्तिका-पिण्ड'** में स्थापित किया गया । वे यहाँ आज भी जगदम्बा की महिमा प्रकाशित कर रही हैं । यह स्थान वर्षों से **'सिद्ध-पीठ'** हो गया है और प्रति वर्ष हजारों लोग यहाँ अर्चन-वन्दन करने को आते हैं । इसके सिवा यहाँ **शत-चण्डी, सहस्त्र-चण्डी यज्ञादि** भी होने लगे हैं ।

इस स्थान पर प्रतिष्ठित **भगवती परमेश्वरी** की जो शिल्प-मूर्ति है, वह आज भी अतीत के इतिहास का स्मरण कराती है । वर्तमान काल के भी ऐसे अनेक प्रत्यक्ष उदाहरण हैं, जिनसे सिद्ध होता है कि यहाँ लोगों के आर्तनाद पर **भगवती** सद्यः द्रवित होती हैं और अभीष्ट वर प्रदान करती हैं । अन्तिम समय में **श्री श्रीधर देव** ने श्री जगदम्बा के पूज्य मृत्तिका-पिण्ड के सन्निकट ही चिर-समाधि ले ली और **देवत्व** को प्राप्त किया । उनकी निःस्वार्थ साधना ही के फल-स्वरूप **श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी** उज्ज्वल प्रतीक बनकर इस मन्दिर में आज भी विराज रही हैं ।

भगवती बाला-त्रिपुर-सुन्दरी के अतिरिक्त मन्दिर के अन्दर दक्षिणी कोण पर सात अर्ध मृतिका-पिण्डी हैं, जिनमें **१. ब्राह्मी, २. माहेश्वरी, ३. वैष्णवी, ४. वाराही, ५. कौमारी या कात्यायनी, ६. इन्द्राणी** तथा **७. चामुण्डा देवियाँ** निवास करती हैं । मन्दिर के उत्तरी कोण पर **'तारा'** या **'रौद्री'** का स्थान बताया जाता है । मन्दिर के अनेक ताखों में **देवी की योगनियाँ** निवास करती हैं । मन्दिर में एक **'दीपक'** प्राचीन समय से ही अखण्ड रूप से जल रहा है, जिसमें गाय के घी का प्रयोग किया जाता है ।

मन्दिर में स्थापित पिण्डियों की सुन्दरता आश्चर्य-जनक रूप से १२ से २ बजे दोपहर तक अपूर्व रूप से बढ़ जाती है । सूर्यास्त के बाद मन्दिर के अन्दर पुरुषों का प्रवेश वर्जित है । १५२ फीट ऊँचे मन्दिर के चारों ओर आज भक्तों की भीड़ उमड़ती है ।

□□□

'चण्डी' : विशेष प्रस्तुति

श्रीबाला-कल्पतरु

श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी के विविध ध्यान
श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी-स्वरूप-निरूपण
श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी की कथा
श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी-नाम का अर्थ
श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी-साधना- क्रम

सम्पादक
रमादत्त शुक्ल
ऋतशील शर्मा

★

प्रकाशक
पण्डित देवीदत्त शुक्ल स्मारक :
परा-वाणी आध्यात्मिक शोध-संस्थान
कल्याण मन्दिर प्रकाशन
श्रीचण्डी-धाम, प्रयाग-राज-२११००६ ☎(०५३२)-२५०२७८३

प्रकाशक :
परा-वाणी आध्यात्मिक शोध-संस्थान
कल्याण मन्दिर प्रकाशन
श्रीचण्डी-धाम, प्रयाग-राज-२११००६
दूर-भाष : (०५३२)-२५०२७८३

तृतीय संशोधित एवं संवर्धित संस्करण
'परशुराम'-जयन्ती, २०६२ वि० (११ मई, २००५)

अनुदान : ३५-०० रु०

मुद्रक :
परा-वाणी प्रेस
अलोपी देवी मार्ग
प्रयाग-रज (उ०प्र०)-२११००६

।। श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः ।।

अनुक्रम

परा-वाणी आध्यात्मिक शोध-संस्थान
कल्याण मन्दिर प्रकाशन
श्रीचण्डी-धाम, प्रयाग-राज-२११००६
अनुदान ३५-०० रु०

परिचय

जन्म-जन्मान्तर के संस्कार के कारण, हम सभी मनुष्यों में '**विषय-भोग**' की प्रबल इच्छा स्वभावतः रहती है । '**विषय-भोग**' की यह स्वाभाविक इच्छा, हम मनुष्यों के लिए एक प्रकार का "**बन्धन**' सिद्ध होती है, जिसके प्रभाव से हम अपने **मूल स्वरूप** अथवा **आनन्द** से सर्वथा अपरिचित बने रहते हैं । यही कारण है कि सब कुछ सुलभ होने पर भी हमें **वास्तविक आनन्द** की प्राप्ति नहीं होती है और हम इधर-से-उधर भटकते रहते हैं ।

संयोग से या दैव-योग से '**विवेक**' अथवा '**वैराग्य**' की प्राप्ति होने पर हम मनुष्यों में, विषय-भोगों के प्रति अरुचि उत्पन्न होती है । तब, हम मनुष्यों की इच्छा सांसारिक पदार्थों से हटकर, 'भगवत्'-प्राप्ति के लिए जाग्रत हो उठती है । मनुष्यों की यह इच्छा ही शुभेच्छा है क्योंकि इससे ही मनुष्य को **वास्तविक शुभ-'आनन्द'** की प्राप्ति होती है ।

'**शुभेच्छा**' का उक्त परिचय प्राप्त होने पर मनुष्य एकान्त में अन्तर्जगत्-अपनी **आत्मा का सन्धान** करने लगता है । वह परम-तत्त्व के साकार या निराकार-रूप का '**ध्यान**' करता है । '**आसन**' **की दृढ़ता**, **प्राणायाम** के सतत नियमित अभ्यास द्वारा वह अपनी **इच्छा-शक्ति** , **क्रिया-शक्ति** एवं **ज्ञान-शक्ति** को जाग्रत करता है ।

'**इच्छा-शक्ति, क्रिया-शक्ति, ज्ञान-शक्ति**'-**स्वरूपा जीवनी-शक्ति**-'**कुण्डलिनी**' प्रत्येक मनुष्य के '**मूलाधार-चक्र**' (गुदा और शिश्न के बीच) में निद्रित अवस्था में रहती है और जाग्रत होने पर ऊर्ध्व दिशा की ओर अग्रसर होती है । तब, साधक को आत्म-अनुसन्धान के फल-स्वरूप अनुपम आनन्द का अनुभव होने लगता है । धीरे-धीरे नियमित अभ्यास से, जब जीवनी-शक्ति '**कुण्डलिनी**'-'**स्वाधिष्ठान**' (शिश्न-मूल) और '**मणिपूर-चक्र**' (हृदय-देश) में पहुँचती है, तो साधक **आत्म-साक्षात्कार** अर्थात् '**सालोक्य मुक्ति**' का अनुभव करता है । आगे '**विशुद्ध-चक्र**' (कण्ठ-स्थल) में पहुँचने पर साधक '**सामीप्य मुक्ति**' अथवा '**आत्म-तत्त्व-ज्ञान**' का अनुभव करता है ।

जीवनी-शक्ति जब और आगे '**आज्ञा-चक्र**' (भृकुटि-स्थान) में केन्द्रित होती है, तो साधक '**सारूपप्य मुक्ति**' का अनुभव करता है । इसके और आगे बढ़ने पर, **ब्रह्म-रन्ध्र** (मूर्धा-स्थान) में साधक को '**सायुज्य मुक्ति**' का लाभ होता है । यही परम **शिव-शुद्ध चैतन्यत्व** का स्थान है । यहाँ **जीवनी-शक्ति** '**कुण्डलिनी**', शुद्ध चैतन्यत्व **शिव** के साथ एकाकार हो जाती है । यही हम मनुष्यों का परम लक्ष्य-'**मुक्ति**' है । यही परमा-नन्द की अवस्था है ।

उक्त अवस्था को प्राप्त मनुष्य '**जीवन-मुक्त**' कहलाता है । ऐसा मनुष्य अनासक्त होकर विचरण करता है । वह न अनुकूल परिस्थितियों से प्रसन्न होता है और न प्रतिकूल परिस्थितियों से दुःखी होता है । सदा साम्यावस्था में रहता है । ऐसे मनुष्य के लिए कोई भी कर्म उसके लिए बन्धन-कारक नहीं होते । उसके सभी '**सञ्चित**' और '**क्रियमाण**'-कर्म दग्ध बीज के समान होते हैं । केवल '**प्रारब्ध**'-कर्म ही शेष रहता है, जो शरीर-पात

के साथ ही समाप्त हो जाता है। शरीर-त्याग करते ही ऐसा मनुष्य **विदेह-मुक्ति** प्राप्त कर सर्वथा मुक्त हो जाता है। उसका पुनः जन्म नहीं होता। वह '**कैवल्य**'-अवस्था को प्राप्त करता है।

जो साधक किसी कारण-वश परम लक्ष्य '**कैवल्य**'-अवस्था को प्राप्त नहीं कर पाते, उन्हें भी उपर्युक्त साधना से यथेष्ट लाभ होता है और वे आगामी जन्मों में परम लक्ष्य '**कैवल्य**'-अवस्था को प्राप्त कर ही लेते हैं। परम लक्ष्य-दायिनी उक्त आध्यात्मिक साधना में **माँ- साक्षात् जगदम्बा की कृपा** की परमावश्कता होती है। **महा-माया जगदम्बा** जब प्रसन्न होती है, तब वह साधक-पुत्र को **शिवत्व** तक पहुँचा कर उसे मुक्त कर देती है, इसमें सन्देह नहीं। अतः साधकों को चाहिए कि वे सदैव **माँ की उपासना-आराधना** में तत्पर रहें।

माँ की उपासना-आराधना का अनुभूत मार्ग है **दश महा-विद्याओं में से किन्हीं एक महा-विद्या के मन्त्र** की '**दीक्षा**' प्राप्त कर **सद्-गुरु** के निर्देशानुसार उसकी विधि-वत् साधना करना। **दश महा-विद्याएँ** दो कुलों में विभक्त हैं-(१) **काली-कुल**, (२) **श्री-कुल**। '**श्री-कुल**' की अधिष्ठात्री हैं "**भगवती षोडशी**", जो **महा-त्रिपुर-सुन्दरी** के नाम से विख्यात हैं और जिनके उपासक **श्रीमदाद्य शङ्कराचार्य** जी रहे हैं। उनके द्वारा स्थापित चारों मठों में "**श्री-यन्त्र**" प्रतिष्ठित है, जो **भगवती महा-त्रिपुर-सुन्दरी** का ही प्रसिद्ध पूजा-यन्त्र है, जिसे "**श्री-चक्र**" नाम से भी लोग जानते हैं, किन्तु बहुत कम लोगों को यह ज्ञात है कि **भगवती षोडशी** के आदि स्वरूप का शुभ नाम है-"**श्रीबाला त्रिपुर-सुन्दरी**", जिनका मन्त्र मात्र तीन अक्षरों का है और जिनका पूजन-यन्त्र '**नव-योन्यात्मक**' है। "**श्री-कुल**" की साधना-पद्धति में सर्व-प्रथम **भगवती श्री बाला त्रिपुर-सुन्दरी** के ही मन्त्र की दीक्षा लेकर उसकी साधना करना आवश्यक है। जो ऐसा नहीं करते, उन्हें आध्यात्मिक साधना में अभीष्ट सफलता पूर्ण रूप में नहीं मिलती क्योंकि "**श्रीबाला-गर्भित श्री-यन्त्र**" की अर्चना ही फल-प्रद होती है।

प्रस्तुत लेख-संग्रह द्वारा जिज्ञासु बन्धुओं को '**भगवती श्रीबाला त्रिपुर-सुन्दरी**' के सम्बन्ध में आवश्यक ज्ञान प्राप्त हो सकेगा और वे उस ज्ञान को पाकर विधि-वत् साधना-परायण होकर अपना कल्याण कर सकेंगे, यही प्रकाशन का उद्देश्य है। आशा है, पाठक बन्धु संग्रह से लाभ उठाएँगे।

'श्रीचण्डी-धाम, प्रयाग-राज (उत्तर प्रदेश)
अक्षय तृतीया, २०६२ विक्रमी (११ मई, २००५)

-'**कुल-भूषण**'

❐❐❐

श्रीबाला त्रिपुर-सुन्दरी के विविध ध्यान

१. 'महा-काल-संहिता' ('काम-कला काली'-खण्ड)-

समुद्यद्-रवि-बिम्बाभामरुण-क्षौम-धारिणीं। फुल्ल-राजीव-वदनां, पीनोत्तुङ्ग-पयोधराम् ।।
रत्न-केयूर-ताटङ्क-मुक्ता-हार-विराजितां। त्रि-नेत्रां बाल-शीतांशु-खण्ड-शोभि-ललाटिकाम् ।।
पद्मोपरि समासीनां, बालां देवीं चतुर्भुजां । विद्यामभीतिं वामेन, दक्षे जप-वटीं वराम् ।।
धारयन्तीं जगद्धात्रीं, सर्वदैव हसन्मुखीं । सञ्चिन्त्य न्यसनं कुर्यादप्रमत्तेन चेतसा ।।

पद्म के ऊपर बैठी हुई **चतुर्भुजा बाला देवी** का चिन्तन कर सावधान-चित्त से न्यास करना चाहिए। वे जगद्धात्री सदैव हँस-मुखी हैं और अपने बाएँ हाथों में पुस्तक एवं अभय-मुद्रा तथा दाएँ हाथों में जप-माला एवं वर-मुद्रा धारण किए हैं । उदय होते हुए सूर्य-विम्ब-जैसी उनकी आभा है, अरुण रङ्ग का रेशमी वस्त्र पहने हैं, खिले हुए कमल के समान मुख है, पीनोत्तुङ्ग पयोधर हैं, रत्न-जटित केयूर, ताटङ्क और मोतियों के हार से सुशोभिता हैं, तीन नेत्र हैं, बाल-चन्द्र के अंश द्वारा उनका ललाट शोभायमान है ।

२. 'मन्त्र-महोदधि'-

(क) **रक्ताम्बरां चन्द्र-कलावतंसां, समुद्यदादित्य-निभां त्रिनेत्राम् ।**
विद्याऽक्ष-मालाऽभय-दान-हस्तां, ध्यायामि बालामरुणाम्बुजस्थाम् ।।

अरुण अम्बुज पर बैठी हुई **त्रिनेत्रा बाला** का मैं ध्यान करता हूँ, जो लाल वस्त्र पहने हैं, जिनके मस्तक पर चन्द्र-कला शोभित है, उदय होते हुए आदित्य-जैसी जो प्रकाशमाना हैं और हाथों में पुस्तक, अक्ष-माला, अभय तथा दान-मुद्रा लिए हैं ।

(ख) **पाशांकुशौ पुस्तकमक्ष - सूत्रं, करैर्दधाना सकलामरार्च्या ।**
रक्ता त्रि - नेत्रा शशि-शेखरेयं, ध्येयाऽखिलर्द्ध्यै त्रिपुराऽत्र बाला ।।२

समस्त देवों द्वारा पूज्या त्रिपुरा बाला का यहाँ ध्यान करना चाहिए, जो अपने हाथों में पाश, अंकुश, पुस्तक और अक्ष-माला लिए हैं, लाल आभावाली हैं, त्रिनेत्रा हैं और जिनके ललाट पर चन्द्रमा है ।

(ग) **स्मेराननां चतुर्हस्तां, पुस्तकाक्ष - वराभयाम् ।**
त्रि-शक्ति-रूपिणीं बालां, शरच्चन्द्र-सम-प्रभाम् ।
रक्ताम्बरां चन्द्र-मौलीं, ध्यायेल्लक्ष्मी-स्वरूपिणीम् ।।

त्रि-शक्ति-रूपिणी एवं **लक्ष्मी-स्वरूपा बाला** का ध्यान करना चाहिए, जो शरत्-कालीन चन्द्रमा-जैसी कान्तिवाली हैं, जिनका मुख मुस्कान-युक्त है, जो चतुर्भुजा हैं और पुस्तक, अक्ष-माला, वर तथा अभय मुद्रा धारण किए हैं, रक्त-वस्त्र पहने हैं और जिनके मस्तक पर चन्द्रमा है ।

(घ) **अरुण-किरण-जालैरञ्जिता सावकाशा, विधृत-जप-वटीका पुस्तकाभीति-हस्ता ।**
इतर-कर-वराढ्या फुल्ल-कह्लार-संस्था, निवसतु हृदि बाला नित्य-कल्याण-शीला ।।

मेरे हृदय में **नित्य कल्याण करनेवाली बाला** निवास करें, जो अरुण सूर्य के किरण-जाल से रञ्जित अवकाश से युक्त हैं, हाथों में जप-माला, पुस्तक, अभय और अन्य हाथ में वर-मुद्रा से सुशोभिता हैं तथा खिले हुए लाल कमल पर बैठी हुई हैं ।

(ङ) **बालां बाल-दिवाकर-द्युति-निभां पद्मासने संस्थिताम् ।**
पञ्च - प्रेत-मयाम्बुजासन-गतां वाग्वादिनी-रूपिणीम् ।।
चन्द्रार्कानल-भूषित-त्रिनयनां चन्द्रावतंसां प्रभाम् ।
विद्याक्षाभय-विभ्रतीं वर-करां वन्दे परामम्बिकाम् ।।

मैं **परा अम्बिका बाला** की वन्दना करता हूँ, जो बाल-सूर्य की प्रभा के समान वर्णवाली हैं और पद्मासन पर बैठी हुई हैं। वह पद्मासन पञ्च-प्रेतों से युक्त है और भगवती बाला सरस्वती-स्वरूपा हैं। चन्द्र, सूर्य और अग्नि जैसे तीन नेत्रों से वे विभूषिता हैं और उनके मस्तक पर चन्द्रमा की प्रभा है। अपने हाथों में वे पुस्तक, अक्ष-माला, अभय और वर-मुद्रा धारण किए हैं।

३. 'विश्वसार तन्त्र'—

मुक्ता-शेखर-कुण्डलाङ्गद-मणि-ग्रैवेयक-हारोर्मिकाम्,
विद्योतिर्वलयादि-कङ्कण-वटी-सूत्रां स्फुरन्नूपुराम् ।
माणिक्योदर-बन्धु-कञ्चुक-धरामिन्दोः कलां विभ्रतीम्,
पाशं सांकुश-पुस्तकाक्ष-वलया दक्षोदूर्ध्व-बाह्वादितः ।
पूर्णेन्दु-प्रतिम-प्रसन्न-वदनां नेत्र-त्रयोद्भासिताम्,
इन्दु-क्षीर-वलक्ष-गात्र-विलसन्माल्यानुलेपाम्बराम् ।
मूलाधार-समुद्गता-भगवतीं हृत्-पङ्कजे चिन्तयेत् ।।

मूलाधार-चक्र से आविर्भूत भगवती बाला का ध्यान हृदय-कमल में करना चाहिए। मोतियों से उनका केश-पाश सुसज्जित है। कुण्डल, अङ्गद, मणि-जटित ग्रीवा-आभूषण और मुक्ता-हार से वे सुशोभिता हैं। चमकीले भुज-बन्द, कङ्गन, वटी-सूत्र और नूपुरों से वे प्रफुल्लिता हैं। उनकी कञ्चुकी माणिक्यों की आभा से युक्त है और चन्द्र-कला से वे शोभायमाना हैं। दाहिनी ऊपर की भुजा से वे क्रमशः पाश, अंकुश, पुस्तक और अक्ष-माला धारण किए हैं। पूर्ण-चन्द्र के समान सुन्दर प्रसन्न मुखवाली भगवती बाला तीन नेत्रों की ज्योति से प्रकाशमाना हैं। चन्द्रमा और दुग्ध के समान गौर-वर्ण शरीर माला, गन्धानुलेप और वस्त्रों से सुशोभित है।

४. 'मेरु-तन्त्र'—

(क) **अभयं पुस्तकं मालां, वरं च दधतीं करैः । अरुणामरुणाब्जस्थां, रक्त-वस्त्रां द्विजेशकाम् ।।**

बाल-सूर्य-जैसी कान्तिवाली, लाल कमल पर विराजमाना, रक्त-वस्त्र-धारिणी, **द्विजों की स्वामिनी भगवती श्रीबाला** अपने कर-कमलों में अभय, पुस्तक, माला और वर धारण किए हुई हैं।

(ख) **पाशांकुशौ पुस्तकाक्ष-सूत्रे च दधतीं करैः । रक्ता त्र्यक्षा चन्द्र-भाला ध्येया सुरार्चिता ।।**

रक्त-वर्णा, त्रि-नेत्रा, चन्द्र-शेखरा, **देव-वन्दिता भगवती श्रीबाला** का ध्यान करना चाहिए, जो अपने कर-कमलों में पाश, अंकुश, पुस्तक और अक्ष-माला धारण करती हैं।

५. 'मन्त्र-महार्णव'—

(क) **मातुलिङ्ग-पयोजन्म-हस्तां कनक-सन्निभां, पद्मासन-गतां बालां लक्ष्मी-प्राप्तौ विचिन्तये ।**

लक्ष्मी-प्राप्ति के लिए **पद्मासन पर विराजमाना भगवती बाला** का ध्यान करता हूँ, जो स्वर्ण के समान आभावाली हैं और हाथों में मातुलुङ्ग एवं कमल धारण किए हुई हैं।

(ख) **वर-पीयूष-कलश-पुस्तकाभीति-धारिणीं, सुधां स्रवन्तीं ज्ञानाप्तौ ब्रह्म-रन्ध्रे विचिन्तये ।**

ज्ञान-प्राप्ति के लिए वर, अमृत-कलश, पुस्तक और अभय धारण करनेवाली **भगवती बाला**

को सुधा-वर्षा करती हुई ब्रह्म-रन्ध्र में ध्यान करता हूँ ।

(ग) **शुक्लाम्बरां शशाङ्काभां रोग-नाशे स्मरे शिवां, अकारादि-क्षकारान्त-वर्णावयव-रूपिणीम्।**

रोग-नाश के लिए श्वेत-वस्त्रा, चन्द्रमा-जैसी आभावाली, 'अ' से 'क्ष' तक के वर्णों से व्याप्त शरीरवाली भगवती बाला का स्मरण करता हूँ ।

(घ) **सृणि-पाश-धरां देवीं रत्नालङ्कार-भूषितां, प्रसन्नामरुणां ध्याये वशीकरण-सिद्धये ।**

वशीकरण की सिद्धि के लिए अरुण आभावाली प्रसन्न-मुखी भगवती बाला का ध्यान करता हूँ, जो रत्न-जटित अलङ्कारों से विभूषिता हैं और अंकुश तथा पाश धारण किए हुई हैं ।

६. 'जालसंवर-महा-तन्त्र'—

वन्दे देवीं स्थितां बालां, भास्वन्मण्डल-मध्यगाम् । चञ्चच्चन्द्राननां तप्तं, चामीकर-सम-प्रभाम् ।।
नृत्यत् खञ्जन-नेत्रस्य, लोकानत्यन्त-वल्लभाम् । मध्य-भागे लसत्काञ्ची, मणि-मुक्ता-विनिर्मिताम् ।।
पद-विन्यस्त हंसालीं, शुक-नासा-विराजिताम् । करि-शुण्डोरु-युगलां, मत्त-कोकिल-निःस्वनाम् ।।
पुस्तकं जप-मालां च, वरदाभय-पाणिनीम् । कुमारी-वेश-शोभाढ्यां, कुमारी-वृन्द-मण्डिताम् ।।
विद्रुमाधर-शोभाढ्यां, विद्रुमालि-नखालिकाम् । क्वणत्-काञ्चीं कला-नाथ-समान-रुचिराननाम् ।।
मृणाल-बाहु-लतिकां, नाना-रत्न-विराजिताम् । कर-पद्म-समानाभां, पाद-पद्म-विराजिताम् ।।
चारु-चम्पेव-वसनां, देव-देव-नमस्कृताम् । चन्दनेन्दु-विलिप्ताङ्गीं, रोम-राजी-विचित्रताम् ।।
तिल-पुष्प-समानाभां, नासा-रत्न-समन्विताम् । गज-गण्ड-नितम्बाभां, रम्भा-जङ्घा-विराजिताम् ।।
हर-विष्णु-महेन्द्राद्यैः, पूज्यते पाद-पङ्कजाम् । कल्याणीं कमलां कालीं, कुञ्चिकां कमलेश्वरीम् ।।
पावनीं परमां शक्तिं, पवित्रां पावनीं शिवाम् । भवानीं भव-पाशघ्नीं, भीतिहां भुवनेश्वरीम् ।।
भवानीं भव-शक्तिं च, भेरुण्डां मुण्ड-मालिनीम् । जालन्धर-गिर्यत्-सङ्गां, पूर्णगिर्युनुरागिणीम् ।।

७. 'कुलार्णव-संहिता'—

बालार्क - मण्डलाभासां, चतुर्बाहुं त्रि - लोचनाम् ।
पाशांकुश - वराभीतिं, धारयन्तीं शिवां भजे ।।

८. श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी माला-मन्त्रोक्त ध्यान—

ऐङ्कारानन-गर्वितानल-शिखां सौः क्लीं कलां बिभ्रतीम् ।
सौवर्णाम्बर-धारिणीं वर-सुधा-धौतानुरागां शिवाम् ।।
वन्दे पुस्तक-पाशमंकुश-जपां स्रग्-भूषितोद्यत्कराम् ।
तां बालां त्रिपुरां पद-त्रय-मयीं षट्-चक्र-सञ्चारिणीम् ।।

९. 'ब्रह्म-यामल-तन्त्र'—

अक्ष - पुस्त - धरां रक्तां, वराभय - कराम्बुजाम् ।
चन्द्र-मुण्डां त्रिनेत्रां च, ध्यायेद् बालां फल-प्रदाम् ।।

१०. 'रुद्र-यामल'—

(क) **सूर्य - कोटि - समानाभां, चतुर्बाहुं त्रि-लोचनाम् ।**
रक्त - पद्म - समासीनां, रक्त - वस्त्राद्यलंकृताम् ।।
पुस्तकं चाक्ष - मालां च, वरं चाभयमेव च ।
दधतीं च हृदम्भोजे, श्री - बाला - त्रिपुरां भजे ।।

(ख) मूलादि-ब्रह्म-रन्ध्रान्तं, विस-तन्तु-तनीयसीम् ।
भ्रमद्-भ्रमर-नीलाभ-धम्मिल्लामल-पुष्पिणीम् ।।१
ब्रह्म-रन्ध्र-स्फुरद्-भिन्न-मुख-रेखा-विराजिताम् ।
मुख-रेखा-लग्न-रत्न-तिलकां मुकुटोज्ज्वलाम् ।।२
विशुद्ध - मुक्ता-वज्राढ्य-चन्द्र-रेखा-किरीटिनीम् ।
भ्रमद् - भ्रमर - नीलाभ - नयन - त्रय - राजिताम् ।।३
सूर्य-भास्वन् महा-रत्न-कुण्डलालंकृतां पराम् ।
शुक्राकार-स्फुरन्मुक्ता-हार-भूषण-भूषिताम् ।।४
ग्रैवेयाङ्गद-पत्रालि-स्फुरत् -कान्ति-जितामृताम् ।
गङ्गा - तरङ्ग - कर्पूर - शुभ्राम्बर - विराजिताम् ।।५
श्रीखण्ड-बल्ली-सदृशं-बाहु-वल्ली-विराजिताम् ।
कङ्कणादि-लसद्-भूषा-मणि-बन्ध-लसत्-प्रभाम् ।।६
रक्तोत्पल-दलाकार-पाद-पल्लव-शोभिताम् ।
नक्षत्र-मात्रा-सङ्काश-मुक्ता-मञ्जीर-मण्डिताम् ।।७
वामेन पाणिनैकेन, पुस्तकं चापरेण तु ।
अभयं च प्रयच्छन्तीं, साधकानां वरानने! ।।८
अक्ष-मालां च वरदं, दक्ष-पाणि-द्वयेन तु ।
दधतीं चिन्तये देवीं, वश्य-सौभाग्य-वाक्-प्रदाम् ।
क्षीर - कुन्देन्दु - धवलां, प्रसन्नां संस्मरे प्रिये! ।।९

११. श्रीबाला-त्रिशति-स्तोत्रोक्त ध्यान–

समुद्यदादित्य-पराङ्क-संख्यकामाभान्वितां रक्त-प्रभां च दिव्याम् ।
विद्याक्ष-माले त्वभयं वरं च, विश्वेषु दात्रीं परमाम्बुजां भजे ।।

१२. श्रीबाला-सहस्र-नाम-स्तव-राजोक्त ध्यान–

आधारे तरुणार्क - बिम्ब - सदृशं हेम - प्रभं वाग्भवम्,
वीजं मन्मथमिन्द्र-गोप - सदृशं हृत् - पङ्कजे संस्थितम् ।
चक्रं भाल - मयं शशाङ्क - रुचिरं बीजं तु तार्तीयकम्,
ये ध्यायन्ति पद - त्रयं तव शिवे! ते यान्ति सूक्ष्मां गतिम् ।।

१३. श्रीबकारादि बाला-सहस्र-नामोक्त ध्यान–

'ऐं' - कार - सुपद्मक - मध्य - गता ।
'क्लीं' - कार - विभूषित - नेत्र-पद्मा ।
'सौ' - काराब्ज - विशालिनी च कूट-
त्रया तु मनु - वर्ण - विराजिता ।।

❐❐❐

श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी-स्वरूप-निरूपण

तप्त-काञ्चन-वर्णा, अरुण-किरण-जालैरञ्जिता, रक्ताम्बरा

श्री श्रीबाला शुद्ध सत्त्व हैं और **शुद्ध सत्त्व** का प्रकाश **तप्त-काञ्चन-वर्ण** के समान होता है। इसलिए भगवती को "**तप्त-काञ्चन-वर्णा**" कहा गया है। उनका वस्त्र '**माया**' है, जो लाल रङ्ग का है। शुद्ध सत्त्व के प्रकाश में काल और गति (क्रिया) का समावेश ही '**माया**' है। चूँकि क्रिया रजो-गुण है, इसलिए उसका रङ्ग लाल है। इसीलिए **भगवती श्री श्रीबाला** "**रक्ताम्बरा**" हैं। शुद्ध सत्त्व का प्रकाश, रक्त-वर्ण '**माया**' के भीतर से निकलता है, इसलिए **भगवती श्री श्रीबाला अरुण-किरण-जाल से आच्छादिता हैं**। शुभ्र प्रकाश के साथ रक्त-वर्ण मिल जाने से, वह **अरुण-वर्ण** हो जाता है।

चन्द्रार्द्ध-चूड़ामणि, दिव्यालङ्कार-भूषिता

दिव्यालङ्कार के अन्तर्गत—अमल-हार, अजर-वस्त्र, अर्द्ध-चन्द्र, चूड़ा-मणि, कुण्डल-द्वय, करक-समूह, केयूर, विमल नूपुर, अनुत्तम ग्रैवेयक एवं अंगुलीयक रत्न आते हैं। इनकी व्याख्या इस प्रकार है—

अमल-हार अर्थात् विशुद्ध प्रकाश-शक्ति

बुद्धि के सत्त्व-निर्मल होने पर प्रकाश-शक्ति अक्षुण्ण होती है। यावतीय वैषयिक 'प्रकाश' बुद्धि में ही है। बुद्धि के परे वैषयिक प्रकाश कहीं नहीं है। रजो-गुण के चाञ्चल्य-वश साधारण जीवों में यह प्रकाश अति क्षीण होता है। साधारण जीव की बुद्धि, किसी पदार्थ के सम्मुख होने पर, उसके अति सामान्य अंश को ही प्रकाशित करती है। जैसे, एक वृक्ष सामने दिखाई देता है, किन्तु उस वृक्ष का सामान्य अंश ही ज्ञान-गोचर हो पाता है। उसकी अतीत और अनागत अवस्था तथा आभ्यन्तरिक रस-प्रवाहादि अज्ञात ही रहता है। इसका कारण बुद्धि-'सत्त्व' की मलीनता है। 'सत्त्व-गुण' के विशुद्ध होने पर ऐसा नहीं होता— विषय का यावतीय अंश युग-पत् प्रकाशित होता है। इसी शक्ति का नाम-'**अमल-हार**' है। जिसमें यह शक्ति है, वह '**अमल-हार**' पहने हुए है।

अजर रक्ताम्बर अर्थात् अविनाशी वस्त्र

'**माया**' और '**अविद्या**'— यही माँ के हेम-वपु का आच्छादन है, जिससे वे सतत सङ्गोपन अवस्था में रहती हैं। ये दोनों ही अनादि हैं, इसलिए '**अजर**' हैं। इन दोनों में '**क्रिया**' या '**गति**' की बहुलता है, इसलिए इनका वर्ण '**रक्त**' है। इस प्रकार जिसके '**प्रकाश**' द्वारा '**माया**' का खेल हो रहा है, वही '**रक्ताम्बरा**' हैं। विशुद्ध सत्त्व-गुण का प्रकाश होने पर इस बात का स्पष्ट बोध होता है।

अर्द्ध-चन्द्र (ललाट-भूषण)-दिव्य ज्योति

'**आज्ञा-चक्र**' से विशिष्ट विज्ञान-ज्योति का प्रकाश निकला करता है, जिसके प्रभाव से सूक्ष्म-से-सूक्ष्मतर वस्तु भी अनायास ही दिखाई देती है। इसे '**दिव्य दृष्टि**' अथवा '**दूर-दर्शन-शक्ति**' कहते हैं। 'योग-दर्शन' में इसे 'प्रवृत्त्यालोक' कहा गया है। यह शक्ति जिनमें है, वे ही '**अर्द्ध-चन्द्र**' धारण किए हुए हैं।

चूड़ामणि (शिरोभूषण)-दिव्य ज्ञान-शक्ति

यह आभूषण दिव्य ज्ञान-शक्ति का द्योतक है। इसके द्वारा जगत् का समस्त तत्त्व स्पष्ट रूप से अनायास

ही हृदयङ्गम किया जा सकता है । सामान्यतः हमें जो ज्ञान होता है, वह मिश्रित अथवा सङ्कीर्ण ज्ञान है । जिनमें दिव्य ज्ञान-शक्ति है, उनमें सङ्कीर्णता नहीं रहती । इसके अतिरिक्त जगत् के प्रत्येक पदार्थ के विभिन्न विविध गुण स्पष्ट रूप से उन्हें ज्ञात हो जाते हैं । 'बुद्धि' (सत्त्व) की निर्मलता का यही लक्षण है । यह शक्ति जिनमें है, वही **'चूड़ा-मणि'** धारण करनेवाली हैं ।

कुण्डल-द्वय (कर्ण-भूषण)-दिव्य श्रवण-शक्ति

अति दूर में जो ध्वनि होती है एवं अन्तर में जो शब्द होता है, उन्हें स्पष्ट रूप में श्रवण करने की सामर्थ्य-शक्ति को **कुण्डल-द्वय (कर्ण-भूषण)** द्योतित करते हैं । यह शक्ति जिनमें है, वे ही **कर्ण-भूषण** धारण किए हुए हैं । इसी शक्ति का वर्णन करते हुए, **परमहंस श्री रामकृष्ण देव** कहते थे कि 'उस समय मैं चींटी के शब्द को भी सुन लेता था और उस शब्द के भाव को समझ जाता था ।'

करक (हस्ताभरण)-दिव्य ग्रहण-शक्ति

यह आभूषण दिव्य ग्रहण-शक्ति का द्योतक है । एक स्थान में रहते हुए, बहुत दूर स्थित छिपी हुई वस्तु का ज्ञान प्राप्त कर लेने की जो शक्ति है, उसी का सूचक **'करक'** आभरण है ।

केयूर (बाहु-भूषण)-दिव्य धारण-शक्ति

यह आभूषण दिव्य धारण-शक्ति का द्योतक है । इसी शक्ति के प्रभाव से **श्रीकृष्ण ने गोवर्द्धन पर्वत** को उठा लिया था ।

नूपुर (पाद-भूषण)-दिव्य गति-शक्ति

इस शक्ति के प्रभाव से दुर्गम स्थान में गमन, मृत्तिका, पत्थर आदि में प्रवेश, आबद्ध स्थान से अनायास ही निर्गमन आदि अलौकिक कार्य सिद्ध होते हैं । जैसे, **महात्मा तैलङ्ग स्वामी** को कारागार में बन्द कर दिया गया था, किन्तु तालों में बन्द होने पर भी स्वामी जी इसी दिव्य शक्ति के प्रभाव से कारागार के बाहर आ गए थे ।

ग्रैवेयक (कण्ठ-भूषण)-दिव्य कण्ठ-स्वर

जिसकी बुद्धि सत्त्व से निर्मल रहती है, उसका कण्ठ-स्वर बहुत ही मधुर और जन-प्रिय होता है । उसके द्वारा प्रताड़ना देने पर भी कोई क्रोध नहीं करता, अपितु आनन्द का ही अनुभव करता है ।

अंगुलीयक-दिव्य स्पर्श-शक्ति

इस शक्ति के द्वारा सूक्ष्म छिपी हुई वस्तुओं को अनायास ही स्पर्श कर उनकी कोमलता और काठिन्य को जान सकते हैं । इसी शक्ति के प्रभाव से केवल छूकर महात्मा लोग किसी की भी **'कुण्डलिनी'** जाग्रत् कर देते हैं । इसी शक्ति के प्रभाव से **परमहंस रामकृष्ण देव** के स्पर्श-मात्र ही से भक्तों को समाधि-अवस्था प्राप्त हो जाती थी ।

चतुर्भुजा-चार महा-विघ्नों से रक्षा

'भुज्'-शब्द का अर्थ है-रक्षक, कामी, भोक्ता, दुःख-भागी आदि । **'चतुर्भुजा'** होने के कारण **श्री बाला चार महा-विघ्नों से हम सबकी रक्षा करती हैं** । 'वेदान्त'-मत के अनुसार निर्विकल्प समाधि के बाधक चार

महान् विघ्न हैं– **१. लय, २. विक्षेप, ३. कषाय** और **४. रसास्वाद** । इन विघ्न-चतुष्टय से साधकों की रक्षा **माँ बाला** करती हैं । इसीलिए **चतुर्भुजा** हैं । इसके अतिरिक्त वे **धर्म, अर्थ, काम** और **मोक्ष**-रूप '**पुरुषार्थ-चतुष्टय**' देती हैं, इसलिए भी वे **चतुर्भुजा** हैं ।

पाशांकुशा–बन्धन–साधन

'**अनुराग**' अथवा आसक्ति के द्वारा ही भगवती जीवन को आबद्ध कर रखती हैं, इसलिए अनुराग ही '**पाश**' है । '**रस**'-तत्त्व से अनुराग सञ्जात है, अतः वरुण देवता का यह विशेष अस्त्र –'**पाश**', **माँ श्रीबाला** के हाथ में भी है ।

यहाँ यह आपत्ति हो सकती है कि केवल '**अनुराग**' से जीव का बन्धन नहीं हो सकता अथवा '**द्वेष**' का होना भी आवश्यक है । यह सच है । '**अनुराग**' जहाँ बाधा को प्राप्त होता है, वहाँ वह '**द्वेष**' के आकार ही में प्रकाशित होता है । यह '**द्वेष**' ही अंकुश है । जो मूढ़ पङ्क ही में पड़े रहना चाहते हैं, उनको **माँ श्री बाला** इन अस्त्रों द्वारा और भी कसकर बाँधती हैं ।

अभय–मुद्रा–निर्भयत्व

'**अभय-मुद्रा**' ग्राह्यालम्बोपासक, ग्रहणालम्बोपासक एवं ग्रहीतालम्बोपासक के लिए है । **माँ श्रीबाला** इन उपासकों को '**अभय-मुद्रा**' दिखाकर यही इङ्गित करती हैं कि साधक उनके शरणापन्न होकर निर्भय हो जाए ।

वर–मुद्रा–भगवती का वरण

द्वैत-भावापन्न मूढ़ साधक धन, पुत्र आदि निम्न श्रेणी के वरों की प्रार्थना करते हैं । वे श्रेष्ठ वस्तु न चाहकर तुच्छ धनादि चाहते हैं । **माँ श्रीबाला** भी ऐसे साधकों को ये सब खिलौने के समान देकर, उनको भुला रखती हैं । '**वर-मुद्रा**' का दूसरा अर्थ है कि यह मुद्रा दिखलाकर **माँ श्री बाला** यह इङ्गित करती हैं कि–साधक दूसरा कुछ न चाह कर उनको ही वरण करे क्योंकि किसी भी प्रकार से हो, उन्हें वरण (ग्रहण) करने पर ही उपासना सफल होती है ।

आसन–ईश्वरत्व के आठ ऐश्वर्य

श्रीश्रीबाला के आसन के चार पायों के रूप में **ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र** और **ईश्वर** हैं । किसी कवि ने कहा है कि **ब्रह्मा** माँ के पैर में लगाने के लिए आलता हैं । यही बात 'श्रुति' भी कहती है–'**ब्रह्मणस्तेजसा पादौ** ।'

ब्रह्मा–अखण्ड चैतन्य के जिस अंश से '**सृष्टि**' की क्रिया प्रकाश पाती है, उसी चैतन्यांश का नाम '**ब्रह्मा**' है । दूसरे शब्दों में, आत्मा जब सृष्टि-क्रिया का अभियान करती है, तब वह '**ब्रह्मा**' है और उस चेतनाधिष्ठान से जो क्रिया-शक्ति प्रकाश पाती है, वही ''**ब्रह्माणी**'' है । अतः **श्रीबाला** ही '**ब्रह्माणी**' हैं ।

विष्णु–जो चैतन्यांश स्थिति-शक्ति का अभियान करता है, वही '**विष्णु**' कहलाता है । 'स्थिति' का पालन करना ही उनकी शक्ति है । अतः **श्रीबाला** ''**वैष्णवी**'' हैं क्योंकि वे सृष्टि का पालन करती हैं ।

रुद्र–अखण्ड चैतन्य के जिस अंश से 'प्रलय' का भाव प्रकाश पाता है, उसे '**रुद्र**' या **महेश्वर**' कहते हैं । दूसरे शब्दों में, आत्मा जहाँ प्रलय-क्रिया का अभियान करती है, वहाँ वह '**रुद्र**' नाम से अभिहित होती है और उस चेतनाधिष्ठान से जो प्रलय-स्वरूपा क्रिया-शक्ति प्रकाश पाती है, वही '**रुद्राणी**' या '**माहेश्वरी**' हैं । अतः श्रीबाला ही ''**रुद्राणी**'' या ''**माहेश्वरी**'' हैं ।

ईश्वर-अष्ट ऐश्वर्य से युक्त। यथार्थ आत्म-ज्ञान के पथ में ईश्वरत्व का अभिमान होना एक प्रबल बाधा (अन्तराय) है। ईश्वरत्व के प्रति वैराग्य हुए बिना ममता का दूर होना असम्भव है। अनेक साधक इसी ईश्वरत्व के प्रलोभन में पड़कर पथ-भ्रष्ट हो जाते हैं। पूर्व-जन्मों के पुण्य के बल से, श्रीगुरुदेव की अहैतुकी कृपा से और माँ की अतुलनीय दया से ही साधक इस **ऐश्वर्य-सङ्कट** से बच पाता है। विशिष्ट दया द्वारा माँ जब स्वयं **'अष्ट-सिद्धि'**-शक्तियों के रूप में साधक के सम्मुख प्रकट होती हैं, तभी वह साधक इन ऐश्वर्यों के प्रलोभन में नहीं फँसता। इसीलिए **श्रीबाला ने ईश्वरत्व के आठों ऐश्वर्यों** को अपने में समाहित कर रखा है, जिससे **'ईश्वर'** भी उनके पर्यङ्क के एक पाया बने हुए हैं।

पर्यङ्क (पलँग) के चारों पायों के ऊपर **'सदा-शिव'**-रूपी फलक **'शृङ्खला-शक्ति'** है। काल-गति को उच्छृङ्खल न होने देना ही इस शक्ति का कार्य है। **'सदा-शिव'**-रूपी दिक्-शक्ति को दबाकर न रखने से काल (गति)-शक्ति को सक्रिय करना सम्भव नहीं है। इसीलिए माँ **श्रीबाला** शिव-रूपी **'दिक्-शक्ति'** को अपने वशीभूत कर **काल-शक्ति** को सक्रिय कर रही हैं।

महा-शव-रूपी सदा-शिव 'परमाकाश' में रहते हैं, जहाँ **माँ श्रीबाला** विराजती हैं। **ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र** और **ईश्वर**—ये चारों 'चिदाकाश' में रहते हैं, जो 'परमाकाश' से नीचे हैं। इसी से **'ब्रह्मा-विष्णु-रुद्र-ईश्वर'** पर्यङ्क के चार पायों के रूप में हैं और **'सदा-शिव'** फलक के रूप में।

रक्त कमल-ब्रह्मत्व

'ब्रह्म-सूत्र' ब्रह्म का निरूपण करते हुए कहते हैं—**'जन्माद्यस्य यतः'** अर्थात जिससे सृष्टि, स्थिति और लय हो, वही **'ब्रह्म'** है। इस व्याख्या के अनुसार **श्रीश्रीबाला** ही **''ब्रह्म''** हैं।

मूल शक्ति के तीन आसन या अधिष्ठान हैं। प्रथम है **'इच्छा-शक्ति'** या मन। **'मन'** के द्योतक हैं **ब्रह्मा**। वस्तुतः मन ही **'प्रजा-पति'** अथवा सृष्टि-कर्त्ता है। **ब्रह्मा** का द्योतक **'कमल'** है। 'सृष्टि' के समय **माँ श्रीबाला** कमलासना होती हैं। 'सृष्टि' की क्रिया में रजो-गुण की प्रधानता स्वाभाविक है। अतः **कमल रक्त-वर्ण** अर्थात् लाल रङ्ग का है। 'स्थिति' के समय में **'कमल'** और **'सिंह'** में से कोई एक आसन होता है। 'लय' के समय मां का आसन **'शव'** होता है। इसीलिए सृष्टि-स्थिति-लय के ध्यान अलग-अलग वर्णित हैं।

बहु-बहु जन्मों के पश्चात् मनुष्य ज्ञान-वान् होता है। तब अपने को—**'माँ'** को—वह जान पाता है अर्थात् बहु जन्म तक पुण्य अर्जन करने पर **'माँ की कृपा'** उपलब्ध होती है एवं उसी के फल से क्रमशः उक्त सभी तत्त्वों के हृदयङ्गम करने की योग्यता आती है।

❒❒❒

श्रीबाला त्रिपुर-सुन्दरी की कथा

१. ब्रह्माण्ड-पुराण की कथा

'**ब्रह्माण्ड-पुराण**' के अन्तर्गत '**श्रीललितोपाख्यान**' के '**भण्ड-पुत्र-वध**' नामक बाइसवें अध्याय में '**श्रीबालाम्बा**' (श्रीबालाम्बा त्रिपुर-सुन्दरी) के युद्ध-पराक्रम का बड़ा रोचक वर्णन है । उस वर्णन में '**श्रीबालाम्बा**' को '**श्रीललिता महा-त्रिपुर-सुन्दरी**' की पुत्री बताया गया है । यथा–

"...भण्डासुर' के बड़े पराक्रमी, बड़े बलवान्–**१. चतुर्बाहु, २. चकोराक्ष, ३. चतुःशिराः, ४. वज्र-घोष, ५. ऊर्ध्व-केश, ६. महा-माय, ७. महा-हनु, ८. महा-शत्रु, ९. महा-स्कन्दी, १० सिंह-घोष, ११. सरालक, १२. अन्धक, १३. त्रिनेत्र, १४. कूपक, १५. कूप-लोचन, १६. गुहाक्ष, १७. गण्डल, १८. चण्ड-वर्मा, १९. यमान्तक, २०. लड्डुन (लस्सण), २१. पण्डसेन, २२. पुरुजित्, २३. पूर्व-मारक, २४. स्वर्ग-शत्रु, २५. स्वर्ग-बल, २६. दुर्ग, २७. स्वर्ग-कण्टक, २८. अति-माय, २९. बृहन्माय, ३०. उप-माय**–नामक तीस पुत्रों को युद्ध के लिए आते हुए देखकर '**श्रीललिता महा-त्रिपुर-सुन्दरी**' की नव-वर्षीया कुमारी '**बालाम्बा**' को बड़ा क्रोध हुआ ।

क्रोध के फल-स्वरूप कुमारी '**बालाम्बा**' ने **महा-भट्टारिका श्रीललिता राज्ञी** से सविनय निवेदन किया कि–'हे माता! मुझे **भण्डासुर** के तीस पुत्रों से लड़ने का बड़ा चाव हो रहा है और मेरी भुजाएँ उनके साथ लड़ने को फड़क रही हैं । अतः आशा है कि रण-क्रीड़ा के लिए अपनी पुत्री को आज्ञा प्रदान करने की कृपा करेंगी । मैं बालिका हूँ और नित्यमेव खेलने के लिए मेरा जी चाहता रहता है ।'

इस पर भगवती **श्रीललिताम्बा** ने कहा–'हे वत्से! तू बड़ी कोमलाङ्गी है । तुम्हारी अवस्था केवल नव वर्ष की है और तू मेरी एक-मात्र पुत्री है । तेरे बिना मैं क्षण-मात्र भी साँस नहीं ले सकती । अतः युद्ध के लिए तेरा जाना मैं उचित नहीं समझती । मेरी दो शक्तियाँ '**मन्त्रिणी**' और '**दण्डिनी**' मन्त्री एवं सेना-पति का काम करती हैं । वे ही अन्य शक्तियों के साथ युद्ध के लिए सन्नद्ध होंगी । अतः तेरे जाने की आवश्यकता नहीं है ।'

निषेध करने पर भी, युद्ध के लिए '**बाला**' को उत्तेजित देखकर, भगवती ने अन्ततः अपनी प्रिय पुत्री को आज्ञा प्रदान कर दी । उन्होंने बड़े स्नेह से उसका गाढ़ालिङ्गन किया । फिर अपने '**कवच**' से एक '**कवच**' और अपने आयुधों में से कुछ आयुध देकर, उसे युद्ध के लिए विदा किया ।

जब '**भगवती बालाम्बा**' रथ में बैठकर युद्ध के लिए चलीं, तो गन्धर्व और किन्नर स्त्रियाँ उन्हें प्रणाम कर उनका अभिनन्दन करने लगीं । '**मन्त्रिणी**' और '**दण्डिनी**' शक्तियाँ '**बालाम्बा**' के दोनों ओर उनकी रक्षा के लिए चल दीं ।

'**कुमारी बालाम्बा**' का '**भण्डासुर**' के तीस पुत्रों के साथ घमासान रोमाञ्चक युद्ध होने लगा । तीस-के-तीस भाई युद्ध में ऐसा समझ रहे थे कि '**भगवती बालाम्बा**' तीस रूप पृथक्-पृथक् धारण कर उन तीसों वीर पराक्रमी भण्ड-पुत्रों में से प्रत्येक से लड़ रही हैं । इस प्रकार '**कुमारी बालाम्बा**' अपने हस्त-लाघव से उनके साथ युद्ध करती रहीं और युद्ध का प्रथम दिवस समाप्त हो गया ।

दूसरे दिन अस्त्रों और शस्त्रों के द्वारा शत्रु-सेना को बेधती हुई '**बालाम्बा**' का मुख लाल कमल के समान रक्त-वर्ण हो उठा और '**नारायणास्त्र**' को छोड़कर भण्ड-पुत्रों की दो सौ अक्षौहिणी सेना को '**बालाम्बा**' ने 'भस्म-सात्' कर दिया।

अपनी सेना का नाश होने पर **भण्डासुर** के पुत्रों को बड़ा क्रोध आया और वे सब-के-सब '**बाला भगवती**' पर टूट पड़े। उनके एक साथ भिड़ने पर स्वर्ग-लोक में देवताओं और देव-शक्तियों का भीषण कोलाहल सुनाई देने लगा। उस कोलाहल के बीच में ही '**भगवती बालाम्बा**' ने एक साथ तीस बाणों का सन्धान कर उन तीसों भाइयों के शिरों को अपने हस्त-लाघव से काट कर एक साथ धरा पर बिछा दिया।

इस प्रकार **भण्डासुर के समस्त पुत्रों का संहार** होने पर स्वर्ग-लोक से पुष्प-वर्षा होने लगी और देव-शक्तियाँ प्रसन्नता से एक दूसरे का आलिङ्गन करने लगीं। '**मन्त्रिणी**' और '**दण्ड-नाथा**' ने बारम्बार '**भगवती बालाम्बा**' का आलिङ्गन किया और शीघ्रता से सब शक्तियों को लेकर '**भगवती ललिता महा-त्रिपुर-सुन्दरी**' के पास पहुँचीं तथा '**कुमारी बालाम्बा**' के युद्ध-कौशल का समाचार सुनाकर पुनः समराङ्गण में लौट आईं। '**भगवती ललिता**' ने अपनी नव-वर्षीया '**बाला त्रिपुर-सुन्दरी**' को अपनी गोद में बिठाकर बड़े स्नेह से शिर को सूँघा और फिर अपने पास बगल में बिठा लिया।

'**श्रीललितोपाख्यान**' का बाइसवाँ अध्याय '**श्रीबालाम्बा**' द्वारा भण्ड-पुत्रों का उक्त प्रकार संहार कराकर समाप्त हो जाता है। हमने यहाँ संक्षिप्त रूप में ही **श्रीबालाम्बा-विजय** का वर्णन किया है। श्रद्धालु उपासक '**श्रीललितोपाख्यान**' को पढ़कर विशेष बातें जान सकते हैं।

२. त्रिपुरा-रहस्य (माहात्म्य-खण्ड) की कथा

'**भगवती बाला त्रिपुर-सुन्दरी**' के युद्ध की दूसरी कथा '**हरितायन संहिता**' अथवा '**त्रिपुरा-रहस्य**' के '**माहात्म्य-खण्ड**' के ६३ वें और ६४ वें अध्याय में विस्तार के साथ वर्णित की गई है। इस कथा में '**भगवती बाला त्रिपुर-सुन्दरी**' को अष्ट-वर्षीया दर्शाया गया है तथा इस कथा में '**भगवती बाला त्रिपुर-सुन्दरी**' का युद्ध '**भण्डासुर**' के साथ दिखाया गया है। यथा—

"...उत्तर दिशा की ओर से '**भण्डासुर**' की सेना के चलने से ऊपर उठी हुई धूल के समूह को देखकर तथा युद्ध के लिए दैत्य-राज को आया हुआ जानकर, '**भगवती बाला त्रिपुर-सुन्दरी**' उसके साथ युद्ध करने की इच्छा से रथ में बैठकर अपनी रथ-नेत्री (रथ हाँकनेवाली) से बोलीं कि—'हमारा रथ शीघ्र संग्राम के मैदान में ले चलो।'

'श्रीमाता से मुझे युद्ध की आज्ञा न मिलेगी'—ऐसा मन में जानकर '**भगवती बाला त्रिपुर-सुन्दरी**' '**मन्त्रिणी**' तथा सेना-नेत्री '**दण्ड-नाथा**' से मिलकर दैत्य-सेना के सम्मुख इस प्रकार चलीं, जैसे आकाश में वायु से प्रेरित शरत्-काल का मेघ बड़ी शीघ्रता से जाता है।

'**मन्त्रिणी**' और '**दण्डिनी**' अपनी-अपनी सेनाओं को लेकर '**भगवती बाला त्रिपुर-सुन्दरी**' के रथ के पीछे-पीछे इस भाँति चली जा रही थीं, जैसे कि वर्षा-ऋतु में बढ़ी हुई नदी समुद्र की ओर दौड़ती है। इस प्रकार वे तीनों वाण-वर्षा करती हुईं दैत्य-राज '**भण्डासुर**' की सेना में प्रविष्ट हो गईं।

विशाल हाथी पर स्थित '**कुटिलाक्ष**' नामक दैत्य सेना-पति ने '**बालाम्बा**' को देखकर उन्हें रोका और मन में विचारने लगा कि–'यह अकेली कुमारी कौन है, जो इन्द्रादिकों को भी भयभीत करनेवाले हम लोगों के साथ लड़ने आ रही है ? **भगवती श्री ललिता** के सम्बन्ध में हमें जैसा हमारे दूतों ने बताया है, लक्षण तो सब वैसे ही हैं, केवल यह तरुणी नहीं, वरन् कन्या है । क्या, यह कुमारी **श्रीललिता जी** की **कुमारी बाला** है? 'मुझे ऐसा विदित होता है कि यह अकेली हम सबको जीत लेगी । '**विशुक्र**' अथवा '**विषङ्ग**' अथवा स्वयं राजा '**भण्डासुर**' और मैं, हममें से कोई भी इसके सम्मुख संग्राम में नहीं ठहर सकता क्योंकि जिधर-जिधर यह **कुमारी** हमारी सेना को देखती है, उधर ही अपने बाणों की वर्षा से सारी सेना को शिथिल कर देती है । अतः मुझे इसे अवश्य रोकना चाहिए । अन्य युद्धावसर पर तो देवराज '**इन्द्र**' और '**वायु-देव**' की भी सामर्थ्य नहीं कि वे मेरे सामने मेरी सेना में प्रवेश कर सकें, किन्तु यदि आज यह '**बाला**' सेना में प्रविष्ट हो गई, तो मैं अपना मुख किसी को भी नहीं दिखा सकता'–ऐसा निश्चय कर रोकने के अभिप्राय से वह '**श्रीबाला कुमारी**' के साथ भयङ्कर युद्ध करने लगा ।

इस बीच '**बालाम्बा**' ने अपने एक तीक्ष्ण बाण से पर्वत-राज के समान '**कुटिलाक्ष**' के '**गज-राज**' को मार गिराया, जिस पर '**कुटिलाक्ष**' गदा उठा कर रथ में समास्थित '**श्रीबालाम्बा**' के ऊपर टूट पड़ा । उसे आते देखकर '**कुमारी बालाम्बा**' ने कर्ण-पर्यन्त खींचे हुए बाण से उसकी छाती पर प्रहार किया और वह रक्त वमन करता हुआ धरा पर गिर पड़ा । तदनन्तर '**बालाम्बा भगवती**' रथ-नेत्री से बोलीं कि–'हे सखि ! शीघ्र ही मेरे रथ को **भण्डासुर** के समक्ष ले चलो, अन्यथा पीछे से **दण्डिनी** अपनी पताका फहराती हुई आ रही है । वह मुझे आगे बढ़ने से अवश्य रोक देगी और **भण्डासुर** के सामने न जाने देगी ।'

इस बात को सुनकर रथ हाँकनेवाली कहने लगी–'हे देवि ! सामने जो बड़ी ऊँची ध्वजा दिखाई दे रही है, वही **भण्डासुर दैत्य-राज** की पताका है और उस पताकावाले रथ में बड़े-बड़े महा-रथियों के साथ वह सुशोभित हो रहा है, किन्तु, मैं आगे बढ़ने का कोई भी मार्ग नहीं देख रही हूँ । अतः पहले अपने शस्त्रास्त्रों द्वारा आगे बढ़ने के लिए द्वार बनाओ, तो मैं उसके द्वारा भीतर प्रविष्ट हो सकूँ ।'

यह सुनकर '**श्रीबालाम्बा**' ने अपने हस्त-लाघव से शत्रु-सेना को अपने बाणों से तितर-बितर कर दिया और रथ-नेत्री अपने रथ को भीतर ले जाना ही चाहती थी कि इतने में '**भण्डासुर**' का छोटा भाई '**विशुक्र**' नामक दैत्य-राज '**बालाम्बा**' के मार्ग में बाधक होकर विचारने लगा कि–'इस **अष्ट-वर्षीया बालिका बालाम्बा** के बल और वीर्य की सीमा नहीं है । सम्भवतः बड़े-बड़े बलवान् दैत्यों से यह '**बाला**' कभी जीती न जा सकेगी । फिर भी वीर पुरुषों को युद्ध में लड़ना तो पड़ता ही है ।' ऐसा निश्चय कर वह चार दाँतोंवाले '**ऐरावत**'-कुलोत्पन्न शुभ्र '**दन्ताबल**' हाथी के ऊपर विराजमान होकर '**बालाम्बा**' के प्रति वाणों की वर्षा करने लगा ।

साथ ही युद्ध को छोड़कर भागनेवाले दैत्य योद्धाओं को पुकार कर वह समझाने लगा कि 'वीर-वरों ! यदि तुम एक अबला स्त्री का अवलोकन कर डर के मारे घर चले जाओगे, तो तुम्हारी घर-वालियाँ तुम्हें क्या कहेंगी? तुम एक अबला बालिका के साथ युद्ध करने से घबड़ा कर घर लौट रहे हो ! क्या तुम्हें इस बात पर लज्जा नहीं आती ? स्त्री के द्वारा किए गए अपमान से तो मान के साथ मरना अच्छा है ।'

'**विशुक्र**' के इस प्रकार के वचनों को सुनकर समस्त सेना पुनः एकत्र होकर तथा '**विशुक्र**' का सहारा पाकर लड़ने को उद्यत हो गई ।

'भगवती बालाम्बा' का रथ भी **'विशुक्र'** के सामने हो गया और भगवती अपने रथ से बाण-वर्षा करने लगीं। फिर **'विशुक्र'** ने अपनी तीक्ष्ण शर-वर्षा से शक्ति-सेना को विह्वल कर दिया और शक्तियाँ एक-एक करके इधर-उधर खिसकने लगीं। इस प्रकार शक्ति-सेना की दशा देखकर **'बालाम्बा'** ने **'विशुक्र'** के भाल-देश (मस्तक) पर चार भालों से प्रहार किया। **'विशुक्र'** मूर्छित होकर धरती पर गिर पड़ा, किन्तु तनिक देर के उपरान्त पुनः शीघ्र खड़ा होकर बाणों को बरसाने लगा। इस बाण-वर्षा को देखकर **'श्रीबालाम्बा'** ने अपने दो शरों से **'विशुक्र'** का शरासन और छत्र काट कर भूमि पर गिरा दिया तथा एक बाण से उसके वाहन **'हस्ति-राज'** को **'ऐरावत'** के पास स्वर्ग-लोक में भेज दिया।

अपने वाहन **गज-राज** को मरा हुआ देखकर **'विशुक्र'** अत्यन्त रोष के साथ बड़ी तेज तलवार लेकर **'बालाम्बा'** पर झपटा, किन्तु भगवती ने अपने एक तीक्ष्ण वाण से उसकी तलवार के दो खण्ड कर दिए और साथ ही तीन वाण उसके शिर पर ऐसे मारे कि वह तीन शृङ्गोंवाले (तीन चोटीवाले) पर्वत के समान दिखाई देने लगा।

अब क्रोधोन्मत्त होकर **'विशुक्र'** ने भगवती **'बालाम्बा'** को अपनी बलवती भुजाओं से उठाकर ऊपर की ओर उछाल दिया, किन्तु **'श्रीबाला त्रिपुर-सुन्दरी'** ने तेजी से नीचे झपटकर उसके शिर पर एक ऐसा दृढ़ मुष्टि-प्रहार किया, जिससे वह पुनः मूर्छित होकर भूमि पर गिर पड़ा और उसके शिर से धारा-प्रवाह रुधिर बहने लगा।

तब शीघ्रता से **'भगवती बाला त्रिपुर-सुन्दरी'** अपने रथ में विराजमान होकर **'भण्डासुर'** के सम्मुख पहुँचने को बढ़ीं, किन्तु तभी **'विशुक्र'** पुनः मूर्छा-मुक्त होकर तीव्र-गामी अश्व पर आसीन होकर उनके मार्ग में बाधा पहुँचाने के लिए आ गया। यह देखकर **'बालाम्बा'** ने अपने तीक्ष्ण वाण-समूह से उसके **'वाजि-राज'** (श्रेष्ठ घोड़े) को मार गिराया और अन्य दूसरे तीखे शर से **'विशुक्र'** के वक्षः-स्थल को वेध कर उसे फिर धरा-शायी बना दिया। **'भगवती बालाम्बा'** के इस विलक्षण पराक्रम का अवलोकन कर **दैत्य** और **आदित्य (देवता)**-सभी आश्चर्यान्वित होकर कहने लगे-

"अहो! जिस पराक्रमी **'विशुक्र'** ने कई बार **इन्द्रादि देवताओं** को हराकर संग्राम में विजय प्राप्त की है, उस विष्णु के समान पराक्रमी **'विशुक्र'** को **'भगवती बालाम्बा'** ने लीला से ही धरा-शायी कर दिया है। अब तो यह **'बालाम्बा'** ही सबके लिए अकेली पर्याप्त है। **'श्रीभगवती ललिता महा-राज्ञी'** के तो आने की कोई आवश्यकता ही नहीं रहेगी।"

सचमुच ही अब **'भगवती बालाम्बा'** का रथ बिना किसी विघ्न-बाधा के **दैत्य-राज भण्डासुर** के सामने पहुँच गया और भगवती अपने मन में यह कहती हुई कि-'अब मैं इस दैत्य-राज के साथ युद्ध करके प्रसन्न होऊँगी', **भण्डासुर** के ऊपर वाण-वर्षा करने लगीं।

इस ओर **'भण्डासुर'** भी **'भगवती बाला त्रिपुर-सुन्दरी'** को अपने सम्मुख होकर बाणों की वर्षा करती हुई देखकर अत्यन्त प्रसन्न हुआ और अपने मन में सोचने लगा कि-'यह वही समय आ गया है, जिसकी मैं बहुत देर से प्रतीक्षा में था और जिस समय की ओर **'श्रीभगवती लक्ष्मी जी'** ने सङ्केत भी किया था। मैंने **भक्ताभिलाष-पूरणी महा-देवी** के दर्शन पाए हैं और अब मेरे देहावसान का समय निकट आ गया है। मैं

इनके द्वारा निहत होकर **श्रीनगर** में विराजमान होऊँगा । यह '**बालाम्बा**' '**भगवती श्रीललिता महा-राज्ञी**' की अद्‌भुत पराक्रम-वाली कुमारी हैं । इसमें सन्देह नहीं कि मुझे मारने के लिए **भगवती श्रीललिता महा-त्रिपुर-सुन्दरी** भी अवश्य पधारेंगी क्योंकि **भगवती लक्ष्मी** का कथन अन्यथा नहीं हो सकता । अस्तु, अब मैं यथा-सम्भव उपचारों को जुटाकर विधि-वत् इनकी पूजा करूँगा ।'

ऐसा मन में विचार कर उसने धनुष-बाण उठाया और '**वारुणास्त्र**' से अभिमन्त्रित कर वाणों को **भगवती बाला** के चरणों की ओर भेजा और एक वाण फूलों के मन्त्र से अभिमन्त्रित कर '**बालाम्बा**' के शिर की ओर छोड़ा । पूर्व के दो वाणों ने भगवती के पैरों का जल से प्रक्षालन किया और तीसरे पुष्प-वाण ने भगवती के शिर पर पुष्प-मालाओं की वर्षा की । इस अद्भुत बात को देखकर **रथ-नायिका** ने '**श्रीबालाम्बा**' से पूछा-"यह क्या मामला है ? क्या असुरेश्वर ने ही यह जल-वर्षा और पुष्प-वर्षा की है? अथवा आपने अपनी शक्ति से यह सब कुछ किया? इसने तो बाण चलाए और उनसे पूजा-सामग्री निकली! यह क्या बात है ? मेरी आशङ्का दूर कीजिए ।"

रथ-नायिका की आशङ्का को सुनकर '**श्रीबालाम्बा**' भगवती उसका समाधान करने लगीं-"हे प्रिये! रथ-नायिके! सुनो, यह '**भण्डासुर**' नामक दैत्य-राज इस जन्म से पहले **भगवती लक्ष्मी का महा-दूत** था और इसका नाम था '**माणिक्य-शेखर**' । यह '**भगवती ललिता महा-त्रिपुर-सुन्दरी**' का श्रेष्ठ भक्त था । शाप के कारण यह दैत्य-राज बन गया । इस युद्ध में मारे जाने पर यह '**श्रीललिता महा-त्रिपुर-सुन्दरी**' की सुन्दर-पुरी '**श्रीपुरी**' में विराजमान होगा । मुझे **श्रीललिताम्बा** की सुपुत्री जानकर इसने यथोपपन्न सामग्री से मेरी पूजा की है । इसको तुम मेरी प्रकृति मानो ।"

ऐसा कहकर '**श्री बालाम्बा**' ने एक बाण उसकी ओर छोड़ा । वह बाण पञ्च-शाख (पाँच अँगुलियोंवाला हाथ) बनकर उसके शिर को स्पर्श करने लगा । इस बात को देखकर '**भण्डासुर**' समझ गया कि '**भगवती** ने अपना हाथ मेरे शिर के ऊपर रख दिया है ।' अतः वह बहुत प्रसन्न हो गया । इस बात को देखकर **रथ-नायिका** बड़ी आश्चर्यान्वित हो गई ।

तदनन्तर '**बालाम्बा**' और '**भण्डासुर**' का महा-घोर युद्ध हुआ, जो एक प्रकार का द्वन्द्व-युद्ध था । '**भण्डासुर**' बड़ी भक्ति के साथ अपने अद्‌भुत पराक्रम से '**भगवती बालाम्बा**' को प्रसन्न करने लगा । वे दोनों परस्पर एक-दूसरे की प्रशंसा करने लगे ।

भण्डासुर ने कहा-'हे देवि! आपकी रण-शैली बहुत अच्छी है ।'

भगवती बोलीं-'हे वीर भण्डासुर! तुम रण-श्लाघ्य हो ।'

इस प्रकार **भगवती भण्डासुर** की प्रशस्ति करती थीं और **भण्डासुर श्रीबालाम्बा** की स्तुति करता था । ऐसा बहुत देर तक परस्पर द्वन्द्व-युद्ध होता रहा । अन्त में '**भण्डासुर**' की शक्ति जब कुछ क्षीण होने लगी, तब **विषङ्ग**, **विशुक्र** और **कुटिलाक्ष** अपनी सेनाओं के साथ सहायतार्थ पहुँचे । वे सभी आग उगलनेवाले अस्त्र-शस्त्रों से '**भगवती बालाम्बा**' के साथ लड़ने लगे ।

'**श्रीबालाम्बा भगवती**' चारों ओर सहज ही बड़े कौशल के साथ शत्रुओं से लोहा ले ही रही थीं कि इतने में **सेना-नायिका भगवती** '**दण्ड-नाथा**' दूसरी ओर से शत्रुओं को परास्त कर वहाँ पहुँच गईं ।

'श्रीबालाम्बा' को शत्रुओं के साथ अकेली लड़ती हुई देखकर वे चकित हो गईं। उन्होंने **श्रीबालाम्बा** से निवेदन किया कि–"आपको यह भयङ्कर युद्ध न करना चाहिए। आपने बड़ी वीरता के साथ इन दैत्यों से सङ्घर्ष किया है, किन्तु यदि **भगवती श्री महा-राज्ञी** सुनेंगी कि आप अकेली ही इन दुर्मद दैत्यों के साथ भिड़ रही हैं, तो वे अत्यन्त व्याकुल होंगी। अतः आपको उनके पास चली जाना चाहिए।"

इस प्रकार **'बालाम्बा'** को समझा-बुझा कर **सेना-नायिका दण्ड-नाथा** ने घुड़सवार-शक्तियों की स्वामिनी **अश्व-नाथा नायिका** को आज्ञा दी कि–'तुम **श्रीबालाम्बा** को अपने साथ लेकर **श्री ललिता महा-राज्ञी** के पास सौंप आओ और पुनः शीघ्र समराङ्गण में लौट आओ।'

भगवती अश्व-नाथा श्रीबालाम्बा को अपने रथ में बिठाकर **श्रीललिता महा-राज्ञी** के पास गईं और उनसे निवेदन किया कि–"**श्रीबालाम्बा** कुमारी ने **विशुक्र, विषङ्ग** और **कुटिलाक्ष** को परास्त कर दैत्य-राज **'भण्डासुर'** के साथ भी घोर भयङ्कर संग्राम किया है। **भगवती वाराही (दण्ड-नाथा)** ने इन्हें बड़ी कठिनता से समझा-बुझाकर आपके पास भेजा है।"

इस प्रकार निवेदन कर **भगवती अश्व-नाथा** युद्ध-भमि को लौट गईं।

श्रीललिता महा-राज्ञी ने **'श्री कुमारी बालाम्बा'** को अपने अङ्क में बिठाकर शिर को सूँघा और कहा कि–"वत्से! ऐसा साहस भविष्य में कभी न करना। तुम बिना मेरी आज्ञा के लड़ने के लिए उद्यत होकर युद्ध-भूमि में क्यों चली गईं ?"

'श्रीकुमारी बाला' ने नम्रता से निवेदन किया कि–"माता जी! यदि मैं आपसे पूछती, तो आप मुझे कभी आज्ञा न देतीं। अतः मैं बिना पूछे ही चुपचाप निकल गई। मैं आपसे क्षमा चाहती हूँ, किन्तु यदि आप सत्य मानें, तो मुझे अभी युद्ध से तृप्ति नहीं हुई है। **सेना-नायिका 'दण्ड-नाथा'** ने मुझे बाध्य कर संग्रामाङ्गण से वापिस भेज दिया।"

श्री भगवती ललिता महा-राज्ञी ने अपनी कुमारी **'श्रीबाला त्रिपुर-सुन्दरी'** को शान्त कर कहा–"वत्से! भविष्य में पुनः ऐसा कभी न करना।"

इस प्रकार **'श्री बालाम्बा'** के युद्ध-पराक्रम की दूसरी कथा **'हरितायन संहिता'** अथवा **'त्रिपुरा-रहस्य', 'माहात्म्य-खण्ड'**, ६३-६४-६५ वें अध्याय में वर्णित है। इस **'त्रिपुरा-रहस्य', माहात्म्य-खण्ड'** के कुल अस्सी अध्याय (६६८७ श्लोक) हैं। **'त्रिपुरा-रहस्य'** ग्रन्थ के–१ माहात्म्य-खण्ड, २. ज्ञान-खण्ड और ३. चर्या-खण्ड नाम से तीन खण्ड हैं। इस ग्रन्थ की रचना पुराणों की तरह शिथिल बन्धवाली नहीं है, अपितु प्रगाढ़-बन्धवाली दीर्घ-समास-युक्त काव्य-मयी रचना है।

❐❐❐

'श्रीबाला त्रिपुर-सुन्दरी'-नाम का अर्थ

१. 'त्रिपुरा'-शब्द का महत्त्व

बाला, बाला त्रिपुरा, त्रिपुरा बाला, बाला-सुन्दरी, बाला त्रिपुर-सुन्दरी, पिण्डी-भूता त्रिपुरा, काम-त्रिपुरा, त्रिपुर-भैरवी, वाक् त्रिपुरा, महा-लक्ष्मी त्रिपुरा, वह्नि-त्रिपुरा, मोहिनी त्रिपुरा, भ्रामरी त्रिपुरा, नन्दा-त्रिपुरा, त्रैलोक्य-स्वामिनी-त्रिपुरा, हंसिनी त्रिपुरा, बाला-भैरवी, सम्पद्-प्रदा भैरवी, चैतन्य भैरवी, कामेश्वरी भैरवी, अघोर भैरवी, महा-भैरवी, ललिता भैरवी, कामेशी भैरवी, रक्त-नेत्रा भैरवी, नित्या भैरवी, मृत-सञ्जीवनी भैरवी, मृत्युञ्जय-परा भैरवी, वज्र-प्रस्तारिणी भैरवी, कमलेश्वरी भैरवी, सिद्ध-कौलेश भैरवी, डामर भैरवी, कामिनी भैरवी, सुन्दरी भैरवी, श्रीललिता महा-त्रिपुर-सुन्दरी, श्रीललिता राज-राजेश्वरी, षोडशी, महा-षोडशी तथा षोडशी के अन्य भेद-सभी **"श्री श्रीविद्या"** के नाम से पुकारे जाते हैं । इन सभी विद्याओं की उपासना ऊर्ध्वाम्नाय से होती है ।

बाला, बाला त्रिपुरा और **बाला त्रिपुर-सुन्दरी** नामों से एक ही महा-विद्या को सम्बोधित किया जाता है । किसी भी नाम से उपासना की जाए, उपासना तो 'जगन्माता' की ही की जाती है । **'नारदीय संहिता'** में लिखा है कि-'वेद, धर्म-शास्त्र, पुराण, पाञ्च-रात्र आदि शास्त्रों में एक 'परमेश्वरी' का वर्णन है, नाम चाहे भिन्न-भिन्न हों, किन्तु 'महा-शक्ति' एक ही है । कहीं मन्त्रोद्धार-भेद से, कहीं आसन-भेद से, कहीं सम्प्रदाय-भेद से, कहीं पूजा-भेद से, कहीं स्वरूप-भेद से, कहीं ध्यान-भेद से "त्रिपुरा" के बहुत प्रकार हैं । कहीं **त्रिपुर-भैरवी**, कहीं **त्रिपुरा-ललिता**, कहीं **त्रिपुर-सुन्दरी**, कहीं इन नामों से पृथक्, कहीं मात्र **'त्रिपुरा'** या **'बाला'** ही कही जाती है । इसलिए तन्त्र-वचन है कि-

न गुरोः सदृशो दाता, न देवः शङ्करोपमः । न कौलात् परमो योगी, न विद्या 'त्रिपुरा' परा ।।

अर्थात् 'श्रीगुरु-देव' के समान कोई दाता नहीं है, 'शङ्कर भगवान्' के समान कोई देवता नहीं, 'कौल' से अतिरिक्त कोई परम योगी नहीं और **"भगवती त्रिपुरा"** (त्रिपुर-सुन्दरी) से परे कोई उत्कृष्ट देवी (पर-देवता) नहीं है । 'सुन्दरी-स्तव' में लिखा है कि **ब्राह्मी (ब्रह्माणी), रौद्री (माहेश्वरी)** और **वैष्णवी**-ये तीन महा-शक्तियाँ हैं । इन तीनों महा-शक्तियों की समष्टि मूर्ति **'त्रिपुर-सुन्दरी'** हैं । यथा-

ब्राह्मी रौद्री वैष्णवीति, शक्तयस्तिस्र एव हि । पुरं शरीरं यस्याः सा, त्रिपुरेति प्रकीर्तिता ।।

तन्त्रान्तर में भी लिखा है-

प्रकाशश्च विमर्शश्च, स्पन्दः सत्ता चितिः क्रिया । स्फुरत्तेति समाख्याता, सा वै त्रिपुर-सुन्दरी ।।

'त्रिपुरा' शब्द की व्याख्या-'तिस्रः पुरस्त्रि-पथा विश्व-चर्षणी' इत्यादि **'त्रिपुरा महोपनिषद्'** के श्रीभास्कर राय कृत भाष्य में निम्न प्रकार है-

'...**'त्रिपुरा'** अर्थात् तीन पुरों की अधीश्वरी । तीन पुरियों में जाने के लिए मार्ग भी तीन हैं । 'मुक्ति' के पाँच प्रकार-**१. सालोक्य, २. सामीप्य, ३. सारूप्य, ४. सायुज्य** और **५. कैवल्य** हैं । इनमें से **'सालोक्य'** का एक मार्ग है और **'कैवल्य'** का एक । शेष तीन-**'सायुज्य, सारूप्य और सामीप्य'** का एक अलग मार्ग

है। इस प्रकार कुल तीन मार्ग हुए। त्रिविध मार्ग होने से पुरियाँ भी तीन हैं। तीन पुरियों की प्राप्ति अभीष्ट होने से पर-देवता को '**त्रिपुरा**' (त्रिपुर-सुन्दरी) कहा गया है।'

बहु-वाचक विशेषण से सम्पन्न एक-वाचक विशेष्य-''त्रिपुरा'' से अनेकता में एकता के दर्शन की पुष्टि होती है। त्रि-रूपात्मकता में वस्तुतः एक-रूपत्व ही निहित है। 'कालिका पुराण' में कहा गया है-

त्रिकोण-मण्डलं चास्या, भू-पुरं च त्रि-रेखकम्। मन्त्रोऽपि त्र्यक्षरः प्रोक्तस्तथा रूप-त्रयं पुनः ।।
त्रिविधा कुण्डली शक्तिस्त्रि-देवानां च सृष्टये। सर्वं त्रयं त्रयं यस्मात्, तस्मात् तु त्रिपुरा मता ।।

'मन्त्र-शास्त्र' में '**त्रिपुरा**' का अर्थ इस प्रकार किया गया है-

'त्रि-मूर्ति-सर्गाच्च पुरा भवत्वात् , त्रयी-मयत्वाच्च पुरैव देव्याः ।
लये त्रिलोक्या अपि पूरकत्वात् , प्रायोऽम्बिकाया त्रिपुरेति नाम ।।
त्रिभ्यः पुरा त्रिपुरा-इति च ।

अर्थात् त्रिमूर्ति-**१. ब्रह्मा, २. विष्णु** और **३. महेश्वर**-की सृष्टि से पूर्व जो विद्यमान थी तथा जो वेद-त्रयी-**१. ऋग्, २. यजुः** और **३. साम-वेद**-से पूर्व विद्यमान थी एवं **त्रि-लोकों-१. स्वर्ग, २. पृथ्वी** और **३. पाताल**-के लय होने पर भी पुनः उनको ज्यों-का-त्यों बना देनेवाली भगवती का नाम '**त्रिपुरा**' है।

विश्व भर में तीन-तीन वस्तुओं के जितने भी समुदाय हैं, वे सब **भगवती बाला त्रिपुर-सुन्दरी** के '**त्रिपुरा**' नाम में समाविष्ट हैं। अर्थात् संसार में त्रि-संख्यात्मक जो कुछ है, वे सभी वस्तुएँ '**त्रिपुरा**' के तीन अक्षरोंवाले नाम से ही उत्पन्न हुई हैं। अतएव '**देवी-स्तोत्र-पञ्चक**' के '**लघु-स्तव-राज**' में **श्रीलघ्वाचार्य** ने लिखा है-"हे **भगवति! बाला-त्रिपुर-सुन्दरि!** हे माता! संसार में जो कुछ भी तीन संख्या से नियमित की हुई, त्रि-वर्गादिक धर्म, अर्थ और काम आदि वस्तुएँ हैं, वे समग्र वस्तुएँ यथार्थ रूप से तुम्हारे '**त्रिपुरा**' नाम में ही मिलती हैं। अर्थात् जो कुछ संसार में तीन नामवाली वस्तुएँ हैं, वे सब तुमसे ही पैदा हुई हैं।"

श्रीलघ्वाचार्य ने त्रि-संख्यात्मक वस्तुओं में कतिपय त्रि-वर्गात्मक वस्तुओं के नाम भी गिनाए हैं। जैसे '**तीन देवता**'-१.ब्रह्मा, २. विष्णु और ३. महेश। 'देवता' का अर्थ 'गुरु' भी है। '**तीन गुरु**'-१. गुरु, २. परम गुरु और ३. परमेष्ठी गुरु।

'**तीन अग्नि**'-१. गार्हपत्य, २. दक्षिणाग्नि और ३. आहवनीय। अग्नि या ज्योति, अतः '**तीन ज्योतियाँ**'-१.हृदय-ज्योति, २. ललाट-ज्योति और ३. शिरो-ज्योति।

'**तीन शक्तियाँ**'-१. इच्छा-शक्ति, २. ज्ञान-शक्ति और ३. क्रिया-शक्ति। शक्ति से '**तीन देवियों**' का भी बोध होता है-१. ब्रह्माणी, २. वैष्णवी और ३. रुद्राणी।

'**तीन स्वर**'-१. उदात्त, २. अनुदात्त और ३. त्वरित। अथवा 'तन्त्र-शास्त्र' में कहे हुए षोडश स्वरों में से-१. 'अ'-कार, २. 'उ'-कार और ३. विन्दु।

'**त्रैलोक्य**' (तीन लोक)-१. स्वर्ग, २. मृत्यु और ३. पाताल। 'लोक' शब्द से देहस्थ 'चक्र' का अर्थ भी लिया जाता है। '**तीन चक्र**'-१. आज्ञा, २. शीर्ष और ३. ब्रह्म-ज्ञान।

'**त्रि-पदी**' (तीन स्थान)-१. जालन्धर पीठ, २. काम-रूप पीठ और ३. उड्डियान पीठ। 'पद' शब्द से 'नाद' शब्द का भी बोध होता है। '**तीन नाद**'-१. गगनानन्द, २. परमानन्द और ३. कमलानन्द। '**त्रि-पदी**' से तीन पदोंवाली 'गायत्री' भी ली जाती है।

'त्रि-पुष्कर' (तीन तीर्थ)–१. शिर, २. हृदय और ३. नाभि। अथवा 'पुष्कर' से तीनों पुष्कर–१. ज्येष्ठ पुष्कर, २. मध्यम पुष्कर और ३. कनिष्ठ पुष्कर।

'त्रि-ब्रह्म' (तीन ब्रह्म)–१. इड़ा, २. पिङ्गला और ३. सुषुम्णा। अथवा 'ब्रह्म' शब्द से–१. अतीत, २. अनागत और ३. वर्तमान-काल को प्रकाशित करनेवाले ब्रह्म कहे गए हैं। जैसे–१. हृदय, २. व्योम और ३. ब्रह्म-रन्ध्र।

'त्रयः वर्णाः' (तीन वर्ण)– १. ब्राह्मण, २. क्षत्रिय और ३. वैश्य। अथवा 'वर्ण' शब्द से बीजाक्षरों का ग्रहण होता है–१. वाग् -बीज, २. काम-बीज और ३. शक्ति-बीज।

२.'बाला', 'बालिका', 'बालक' और 'बाल'- शब्दों का महत्त्व

'बाला', 'बालक', 'बालिका' और **'बाल'** (केश)–ये शब्द 'भारतीय साहित्य' में अपना विशेष महत्त्व रखते हैं। दुर्भाग्य की बात है कि इन शब्दों की महिमा जाने बिना लोग इनका प्रयोग इनके विपरीत अर्थ में तो करते ही हैं, इनके अर्थ को हीन बना डालते हैं। इन शब्दों में जो व्यापकत्व सन्निहित है, वह मानव को एक ओर उच्च शिखर पर पहुँचानेवाला है, तो दूसरी ओर इनके सु-प्रयोग से चतुर्वर्ग (धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष) की प्राप्ति भी हो सकती है। यास्क का कहना है–

'बलयति पुत्रान् लोकान् वा इति बाला'

अर्थात जो अपने पुत्रों को तथा संसार को बल प्रदान करती है, उसे **'बाला'** कहते हैं।

दूसरे वैयाकरणों ने बताया है कि "जिसमें बल है, वही **'बाला'** कहलाती है।" 'सीधे-सादे अर्थ में यह समझना चाहिए कि जो संसार के प्राणियों को बल प्रदान करती है, उसे **'बाला'** कहते हैं।' वेद-वाक्य है– **'एकः शब्दः सु-प्रयुक्तः, स्वर्गे लोके च काम-धुक् भवति।'**

अर्थात् अच्छी तरह प्रयोग किया गया एक शब्द भी इस लोक में तथा पर-लोक में इच्छाओं की पूर्ति करनेवाला होता है।

'बाला' अर्थात् नख से शिखा तक, रक्त से ओज तक बल प्रदान करनेवाली

उक्त नियम के अनुसार जो लोग **'बाला'** को 'अबला' के अर्थ में तथा चौका-चूल्हा सँभालनेवाली 'नारी' के अर्थ में करते और समझते हैं, ऐसे लोगों की बुद्धि का–दिमाग का दिवाला ही निकल गया है, यह कहना उचित ही होगा क्योंकि वास्तविकता तो यह है कि **'बाला'** का अर्थ ही है वह स्त्री, जो बल को बढ़ाती है। वह पुत्र के लिए माता हो सकती है, भाई के लिए 'बहन' और पति के लिए 'पत्नी'। इसीलिए आयुर्वेद के प्रसिद्ध ग्रन्थ 'भाव-प्रकाश' में कहा गया है–**'बाला स्त्री क्षीर-भोजनम्।'**

अर्थात् **'बाला'** की तुलना बल-वर्धक खीर के भोजन से की गई है। अधिक दूर न जाकर घर में ही उदाहरण खोज निकालना चाहिए कि वही **'बाला'** (स्त्री) नव-जात शिशु को दूध पिला कर हृष्ट-पुष्ट कर सकती है, जो **'बाला'** है। यह क्षमता किसी दूसरी महिला में नहीं है। इससे भी यही स्पष्ट होता है कि **'बाला'** वही है, जो हमारे समस्त अङ्गों को बल प्रदान करती है। नख से शिखा तक, रक्त से ओज तक, बुद्धि से बल तक जो प्राणी को बल प्रदान करती है, वह शक्ति-मती अवश्य है, जिसके बिना प्राणी अपने को निस्सहाय समझता है।

इसमें सन्देह नहीं कि एक पति भी अपनी '**बाला**' (पत्नी) के वियोग में उसी तरह रोता-कलपता है, विलाप करता है तथा अनुभव करता है कि जीवन-सङ्गिनी, मेरी रक्षा करनेवाली, माता की तरह पालन करनेवाली, दासी की तरह सेवा करनेवाली, बन्धु-मित्र की तरह स्नेह करनेवाली, मन्त्री की तरह सलाह देनेवाली अब नहीं रही-मेरी शक्ति क्षीण हो गई, मैं निर्बल हो गया।

इसी प्रकार '**बाला**' (माता) से बिछुड़ जाने पर बालक भी बिलख-बिलख कर रोता है कि 'मेरी रक्षा, पालन-पोषण करनेवाली, मेरी गन्दगी दूर करनेवाली, प्यार-दुलार करनेवाली, मेरे जीवन के बोझ को ढोनेवाली अब नहीं रही! मैं अब जीवित नहीं रह सकूँगा क्योंकि मेरा बल छिन गया है।'

अब विचारने की बात है कि वह कौन-सी अद्‌भुत शक्ति है उस '**बाला**' में, जिसके बिना जगत् के प्राणी निर्बल और निष्प्राण हो जाते हैं ? वह है **'बाला'-बल प्रदान करनेवाली शक्ति माता**।

'बाला' अर्थात् सर्व-शक्ति-सम्पन्न, आदि-माता

इस प्रसङ्ग में यह भी नहीं भूलना चाहिए कि पशु-पक्षियों में भी यही बात है। मानव मात्र के लिए तो '**बाला**' बल-दायिनी है ही।

प्रकृति के पारखी लोगों का मत है कि मानव के लिए जिस तरह '**बाला**' बल-वर्द्धिनी समझी जाती है, उसी तरह लता, पेड़-पौधे आदि में भी '**बालाएँ**' होती हैं, जो **फूल-फलों** को शक्ति-सम्पन्न बनाती हैं। उन्हीं फलों से जगत् बल-शाली बनता है। इसी तरह और भी गहराई में जाएँ, तो पता चलेगा कि '**बाला**' ही पृथ्वी माता है, जो सर्व-शक्ति-सम्पन्न ही नहीं, चराचर को धारण और पोषण करनेवाली है, उसे भी '**बाला**' शास्त्रों में कहा गया है। इसीलिए पुराणों में बताया गया है कि वही मेरी माता है, जो आदि-काल से मेरी रक्षा करती आ रही है-

या माता सर्व-देवानां, युगादौ परि-कीर्तिता। आदि-मातेति विख्याता, नाम्ना तेन कुरुद्वह!॥

अर्थात् आदि-काल में, हे कुरुद्वह! समस्त देवताओं की जो माता कही जाती थी, वही हम लोगों की भी 'आदि-माता' के नाम से विख्यात है।

'**बाला**' का काम ही है वृद्धि करना। वह मानव या किसी प्राणी-विशेष को ही बल प्रदान करती हो, ऐसा नहीं-आदि-युग से ही यह जगन्माता इस संसार को बढ़ाती चली आ रही है। '**आदि-माता**' द्वारा निर्मित सृष्टि-जगत् को जननी से मिला रही है। **बल-वर्द्धिनी माता** की अद्‌भुत शक्ति से जो परिचित हो गया है, उसका जन्म तो सफल हो ही जाता है, उसके सामने त्रिभुवन की सम्पत्ति भी तृण के समान तुच्छ हो जाती है क्योंकि जिस पुत्र पर माता-पिता के स्नेह का हाथ फिर जाता है, वह धन्य-धन्य हो जाता है। वह अनुभव करता है कि माता का आशीर्वाद त्रिलोक का ऐश्वर्य है। मातृ-भक्त पुत्र भी यही चाहता है कि मेरी माता का हस्त-कमल मेरे सिर पर आशीर्वाद करते हुए एक बार भी घूम जाय। पुत्र चाहता है (देवी-भागवत, ५१/३१)-

तस्यात्मजोऽयं तव पाद-पङ्कजं, भीतः प्रपन्नार्ति-हरोपसादितः।
तत् पालयैनं कुरु हस्त-पङ्कजं, शिरस्यमुष्याखिल-कल्मषापहम्॥

अर्थात् यह तुम्हारा पुत्र तुम्हारे चरण-कमल के पास पीड़ाओं से पीड़ित हो डरा हुआ बैठा है। इसलिए अखिल पापों के विनाश करनेवाले अपने हस्त-कमल को मेरे शिर पर रखकर मेरी रक्षा करो, पालन करो।

'ज्ञान' और 'कर्म'- रूपी बल-वर्द्धिनी माँ की प्राप्ति

पुत्र माता से ऐसी प्रार्थना इसलिए करता है क्योंकि वह जानता है कि **'बाला' माता** बल-बर्द्धिनी है। वह मेरा बल बढ़ाएगी ही, घटने नहीं देगी। एक बात यह जरूर है कि बल-बर्द्धिनी होती हुई भी वह, जो जिस भाव से उसके समक्ष जाते हैं, उन्हें वैसी ही दीख पड़ती है तथा तदनुरूप फल भी देती है। इसीलिए 'देवी-भागवत' में कहा है-

ब्रह्मैव साऽति-दुष्प्राप्या, विद्याऽविद्या-स्वरूपिणी। योग-गम्या परा-शक्तिः, मुमुक्षूणां च वल्लभा ।।

अर्थात् वह **बल-वर्द्धिनी माँ,** कठिनता से प्राप्त होनेवाली **ब्रह्म** ही है। वह **'विद्या'** (ज्ञान) और **'अविद्या'** (कर्म) का रूप धारण करनेवाली है। **योग** द्वारा ही उसके पास पहुँचा जा सकता है। वह **'परा-शक्ति'** है और चाहनेवालों के लिए तो प्रिय पत्नी के समान ही है।

ऐसी जगज्जननी को जो न प्राप्त करे तथा उसे प्राप्त करने की चेष्टा न करे, उसे क्या कहा जा सकता है! जो मातृ-भक्त नहीं हैं, वे उसके वास्तविक बल को नहीं समझ पाते, लेकिन जो **'बाला' माता** की अतुलनीय शक्ति से पूर्ण परिचित हैं, वे जानते हैं कि उसी के कृपा-कटाक्ष से वज्र भी तृण का रूप धारण कर लेता है और तृण वज्र के समान घोर कठोर बन जाता है। उस **बल-वती 'बाला'** का यह बल है कि वह **डङ्के की चोट** पर कहती है-

शशको हन्ति शार्दूलं, मशको वै यथा गजम्। साहसं मुञ्च मेधाविन्! कुरु मे वचनं हितम् ।।

अर्थात् अपनी बुद्धि का व्यायाम, हे मेधा (बुद्धि) धारण करनेवाले पुरुष! छोड़ो। देखो, मेरी ही कृपा से शशक इतना बल-शाली हो जाता है कि सिंह को भी मार गिराता है और एक तुच्छ मच्छड़ हाथी को मार डालता है। इसलिए अपने साहस को छोड़ो, मेरी हित-कर बात को मानो।

यह सर्व-विदित है कि जो बुद्धि-वादी इस अदृश्य शक्ति पर विश्वास नहीं करते, वे ऐसी **बल-वती माता** की सेवा करने से वञ्चित रह जाते हैं, उसकी पूजा-अर्चना में योग-दान नहीं करते, उसका भजन-भाव नहीं करते, उसके प्रिय पात्र बनने की चेष्टा नहीं करते तथा उसके चिन्तन-मनन के लिए कभी समय नहीं निकालते! वे ही इस जगत् के मन्द-भागी हैं, शोचनीय हैं। 'देवी-भागवत' में ऐसे ही लोगों को चेतावनी देते हुए कहा है।

ते मन्दास्तेऽति-दुर्भाग्या, रोगैस्ते समभि-द्रुताः। येषां चित्ते न विश्वासो, भवेदम्बाऽर्चनादिषु ।।

अर्थात् वे ही प्राणी मन्द (मूर्ख) और अभागे हैं तथा वे ही रोगों से ग्रस्त रहा करते हैं, जिनके हृदय में 'माता' की अर्चना-पूजा आदि के प्रति विश्वास नहीं है।

'बाला' (बल-वर्द्धिनी) का सेवक कभी निर्बल कैसे रह सकता है? बल-शाली कभी दुखी कैसे रह सकता है और विश्वासी पर किसकी दया नहीं होती?

'मूर्खता' माता की दुष्कृपा का ही फल है और **'रोग'** को स्पष्ट शब्दों में पाप बताया गया है-**'रोगाः पापाः।'** इसलिए इस संसार में **सुखी** और **बलवान** रहने के लिए **माता 'बाला'** की शरण में रहना ही चाहिए। इसकी शरण इसलिए भी आवश्यक है कि **माता 'बाला'** पहले **बल** प्रदान करती हैं, तब **बुद्धि** क्योंकि वे जानती हैं कि संसार में पहले पुत्र को **'बल'** चाहिए, तब **'बुद्धि'**। **'बल'** के न रहने पर **'बुद्धि'** एक क्षण भी टिक नहीं

सकती। इसीलिए राम-भक्त हनुमान को-'**तुम बल-बुद्धि निधान**'-कहा गया है। उन्हें पहले बल प्राप्त हुआ, तब बुद्धि प्राप्त हुई, नहीं तो कहा जाता-'तुम बुद्धि-बल निधान।' इसका अभिप्राय यही है कि जिनको संसार में कुछ करके दिखाना है, उन्हें पहले 'बल' चाहिए, तब 'बुद्धि'। इन दोनों की प्राप्ति तभी होगी, जब संसार के लोग **माता 'बाला'** की शरण में आएँगे।

३. विश्वात्मिका शक्ति 'श्रीबाला'

'**शिव**' और '**शक्ति**'-तत्त्व सृष्टि के आदि कारण हैं। वे जब ही कल्पना करते हैं, तभी सृष्टि होने लगती है। महा-प्रलय के बाद जब '**एकोऽहं बहु स्याम प्रजाये**' की कल्पना होती है, तभी **शक्ति-तत्त्व-शिव-तत्त्व** से अलग होता है। उसके पहले वे एक ही रहते हैं। उस एक रहने का नाम '**नाद**' है अर्थात् सृष्टि की कल्पना होने के समय निष्क्रिय '**शिव**' और सक्रिय '**शक्ति**' की जो विपरीत रति होती है, उसे ही '**नाद**' कहते हैं और इसी विपरीत रति द्वारा '**विन्दु**' की उत्पत्ति होती है।

'**शक्ति**' जब '**निष्कल**' **शिव** से युक्त रहती हैं, तब वे चिद्-रूपिणी और विश्वोत्तीर्णा अर्थात् विश्व के बाहर रहती हैं और जब वे '**सकल**' **शिव** के साथ होती हैं, तब वे विश्वात्मिका होती हैं। '**परा-शक्ति**' वे हैं, जो चैतन्य के साथ विश्रामावस्था में रहती हैं। इनको ही '**कादि-विद्या**' में '**महा-काली**' कहा जाता है और '**हादि-विद्या**' में '**महा-त्रिपुर-सुन्दरी**'।

'**नाद**' से जो '**विन्दु**' उत्पन्न होता है, वही **श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी** हैं अर्थात् **महा-त्रिपुर-सुन्दरी** '**नाद**' हैं और **श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी**-'**विन्दु**' हैं। जो '**शक्ति**' विश्वोत्तीर्णा हैं, वही **महा-त्रिपुर-सुन्दरी** हैं और जो विश्वात्मिका हैं, वे ही **श्रीबाला** हैं।

दूसरे प्रकार से विचार करें। उपनिषद् के अनुसार जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ताभिमानी '**विश्व**', '**तैजस**' और '**प्राज्ञ**' पुरुष हैं। इन त्रि-मात्राओं के दर्शन से पता चलता है कि शक्ति ही जगत्-रूप में अभिव्यक्त है। उनका एक और स्वरूप है, जो मनोहर जगत् से भी उत्कृष्ट है, किन्तु वह अनुच्चार्य है। यही उत्कृष्ट स्वरूप उनका नित्य स्वरूप है, जिसे '**अर्द्ध-मात्रा**' कहा जाता है। वाक्य द्वारा इसका वर्णन नहीं किया जा सकता।

जब उक्त '**अर्द्ध-मात्रा**'-नित्य स्वरूप में त्रि-मात्रा का लय होता है, तब '**विन्दु**'-रूप प्रकट होता है। जिस '**विन्दु**' की अवस्थिति तो है, किन्तु विस्तृति नहीं-वह अंश **निर्गुण ब्रह्म** का द्योतक है और जिस '**विन्दु**' में विस्तृति भी है, वह अंश **सगुण ब्रह्म** की शक्ति का प्रकाशक है और यही शक्ति '**नाद**' है।

जो **निर्गुण ब्रह्म** के 'गुण' या 'शक्ति' को नहीं मानते, वे ही **ब्रह्म** से **माया** को पृथक् करते हैं, किन्तु हम लोग तो **माया** को देखकर ही **ब्रह्म** को समझते हैं। जिसकी अवस्थिति है, उसकी कुछ-न-कुछ विस्तृति होगी ही क्योंकि '**विन्दु**' समष्टि पदार्थ है। इसलिए '**विन्दु**'-रूप निर्गुण है और '**नाद**'-रूप सगुण है, जो **त्रि-मात्रा**-रूप से जगत्-रूप में अभिव्यक्त है। इस प्रकार वे **त्रि-मात्रा**-रूप में जगज्जननी और **अर्द्ध-मात्रा** रूप में परा जननी हैं। इसी से यह सिद्धान्त निकलता है कि '**नाद**' को '**विन्दु**' में युक्त करना चाहिए।

उक्त व्याख्या से स्पष्ट है कि **महा-त्रिपुर-सुन्दरी** से **श्रीबाला त्रिपुर-सुन्दरी** को युक्त समझना आवश्यक है। वास्तव में नामान्तर से दो भेद 'शक्ति' के प्रतीत होते हैं, जो वस्तुतः एक ही हैं, कोई भेद नहीं है। जो '**नाद**' है, वही '**विन्दु**' है। जो '**महा-त्रिपुर-सुन्दरी**' हैं, वही '**श्रीबाला**' हैं।

❒❒❒

साधना-क्रम

[१]

श्रीबाला-गायत्री 'जप'-विधि

(१) ताम्र-पात्र (पञ्च-पात्र) में लाल चन्दन, दूर्वा (दूब) से युक्त 'जल' रक्खे । दाएँ हाथ में पञ्च-पात्र की आचमनी द्वारा 'जल' लेकर, सङ्कल्प पढ़कर 'जल' छोड़े–

ॐ तत् सत् । अद्यैतस्य ब्रह्मणोऽह्नि द्वितीय-प्रहरार्द्धे, श्रीश्वेत-वराह-कल्पे, जम्बू-द्वीपे, भरत-खण्डे अमुक-प्रदेशान्तर्गते, अमुक पुण्य-क्षेत्रे, कलि-युगे, कलि-प्रथम-चरणे, अमुक-नाम-सम्वत्सरे, अमुक-मासे, अमुक-पक्षे, अमुक-तिथौ, अमुक-वासरे, अमुक-गोत्रोत्पन्नो, अमुक-नाम-शर्माऽहं (वर्माऽहं, दासोऽहं वा) श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी-प्रीत्यर्थे स्नानं करिष्ये ।

(२) फिर '**प्राणायाम**' करे । तदनन्तर १. हृदय, २. शिर, ३. शिखा, ४. दोनों भुजा-मध्य, ५. नेत्र-त्रय और ६. करतल–इन छः अङ्गों का विधि-वत् स्पर्श करते हुए '**षडङ्ग-न्यास**' करे । यथा–

ॐ ऐं हृदयाय नमः । ॐ क्लीं शिरसे स्वाहा । ॐ सौः शिखायै वषट् । ॐ ऐं कवचाय हुम् । ॐ क्लीं नेत्र-त्रयाय वौषट् । ॐ सौः अस्त्राय फट् ।

(३) तब, स्नान करने के लिए एकत्रित जल में '**अंकुश**'-मुद्रा द्वारा '**सूर्य**'-मण्डल से तीर्थों का आवाहन करे–

ॐ गङ्गे च यमुने चैव, गोदावरि सरस्वति!
नर्मदे सिन्धु कावेरि! जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु ।।

'**वं**' से धेनु-मुद्रा द्वारा स्नानीय जल का **अमृतीकरण**, '**हुं**' से '**अवगुण्ठन**' और '**फट्**' से उसका **संरक्षण** करे । फिर '**सूर्य**' को बारह जलाञ्जलियाँ देकर, '**इष्ट-देवता**' के चरणों से उस जल को निकला हुआ मानकर उससे '**स्नान**' करे ।

(४) 'स्नान' कर, '**सन्ध्योपासन**' करे । पहले पञ्च-पात्र के जल से तीन बार निम्न मन्त्र पढ़कर **आचमन** करे–**ॐ आत्म-तत्त्वाय स्वाहा, ॐ विद्या-तत्त्वाय स्वाहा, ॐ शिव-तत्त्वाय स्वाहा ।**

(५) तदनन्तर, 'पञ्च-पात्र' के जल में उक्त '**ॐ गङ्गे च०**' मन्त्र से पूर्व-वत् तीर्थों का आवाहन करे, '**मूल-मन्त्र**' (**ऐं क्लीं सौः**) अथवा '**ॐ श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः**' से कुशाग्र-भाग (तर्जनी-मध्यमा-अनामा के सम्मिलित अग्र-भाग से) द्वारा तीन बार भूमि पर 'जल' छिड़क कर, उस 'जल' से आठ बार अपने **मूर्धा का अभिसिञ्चन** करे ।

(६) तब, पुनः षडङ्ग-न्यास कर बाँएँ हाथ में जल ले और दाएँ हाथ से ढँक कर '**हं यं रं लं वं**' से तीन बार उसे अभिमन्त्रित करे । फिर '**ऐं -क्लीं-सौः**' अथवा '**ॐ श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः**' का उच्चारण करते हुए, टपकते हुए जल-विन्दुओं से '**तत्त्व**'-मुद्रा द्वारा अपने सिर पर सात बार '**अभ्युक्षण**' करे ।

शेष 'जल' को दाहिने हाथ में लेकर तेजो-रूप में '**ध्यान**' करे। उसे '**इड़ा**'-**नाड़ी** से आकृष्ट कर उसके द्वारा देह के भीतर स्थित कृष्ण-वर्ण के 'पाप' को धोकर, उस 'जल' को पाप-रूप 'ध्यान' कर '**पिङ्गला-नाड़ी** से निकाले और अपने सम्मुख 'मन' द्वारा कल्पित वज्र-शिला पर '**फट्**' से उस पाप-रूप 'जल' को पटक दे।

(७) इसके बाद हाथ-पैर धोकर 'पञ्च-पात्र' के 'जल' से '**आचमन**' करे।

(८) तब '**ॐ घृणिः सूर्य आदित्याय इदमर्घ्यं स्वाहा**' मन्त्र पढ़कर '**सूर्य को अर्घ्य**' दे। '**सूर्य-मण्डल**' **में देवी बाला का** '**ध्यान**' कर उन्हें 'नमस्कार' करे–

ॐ सूर्य-मण्डलस्थायै श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः ।

(९) **देवी-बाला** को नमस्कार करने के बाद '**श्रीबाला-गायत्री**' से तीन बार जल छोड़कर '**तर्पण**' करे। पुनः '**ॐ देवान् तर्पयामि नमः, ॐ ऋषीन् तर्पयामि नमः, ॐ पितॄन् तर्पयामि नमः, ॐ गुरुं तर्पयामि नमः, ॐ परम-गुरुं तर्पयामि नमः, ॐ परापर-गुरुं तर्पयामि नमः, ॐ परमेष्ठि-गुरुं तर्पयामि नमः, ॐ** (अथवा मूल मन्त्र) **श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरीं देवीं तर्पयामि नमः** से इन सबका तीन-तीन बार '**तर्पण**' करे। फिर '**ॐ श्रीबाला-आवरण-देवतास्तर्पयामि नमः**' से समस्त आवरण देवताओं का तर्पण करे।

(१०) इसके बाद सूखे वस्त्र पहनकर '**ॐ ह्रां ह्रूं सः मार्तण्ड-भैरवाय प्रकाश-शक्ति-सहिताय इदमर्घ्यं स्वाहा**' से सूर्य भगवान् को पुनः अर्घ्य देकर '**सूर्य-मण्डल**' में गायत्री का ध्यान करे। यथा–

श्याम-वर्णां चतुर्भुजां, शङ्ख-चक्र-लसत्कराम् ।
गदा-पद्म-धरां देवीं, सूर्यासन-कृताश्रयाम् ।।

(११) फिर **श्रीबाला-गायत्री** का ३, ११ या १०८ बार '**जप**' करे–

ऐं बालायै विद्महे क्लीं त्रिपुरायै धीमहि, सौः तन्नः सुन्दरी प्रचोदयात् ।

अथवा

ऐं वागीश्वरि विद्महे क्लीं कामेश्वरि धीमहि, सौः तन्नः शक्तिः प्रचोदयात् ।

अथवा

क्लीं त्रिपुरा-देवि! विद्महे कामेश्वरि! धीमहि, तन्नः क्लिन्ने प्रचोदयात् ।

उक्त तीन '**गायत्री-मन्त्र**' में से किसी एक '**गायत्री-मन्त्र**' का जप करे।

(१२) '**जप**' करने के बाद, **सूर्य-मण्डल-स्थित देवी बाला** को **मानसिक प्रणाम** करे। 'भावना' द्वारा उनके दाहिने हाथ में आचमनी से 'जल' देकर '**जप**'-**समर्पण** करे। अन्त में, पुनः '**मानसिक प्रणाम**' करे।

विशेष : मुद्राओं की जानकारी हेतु देखिए '**मुद्राएँ एवं उपचार**' मूल्य रु०१५-०० । **सन्ध्योपासन** की दूसरी विधि **श्रीबाला-नित्यार्चन,** मूल्य रु० ३०-०० में प्रकाशित है। इच्छुक बन्धु चाहें तो उस विधि के द्वारा भी **श्रीबाला-गायत्री की साधना** कर सकते हैं।

❒❒❒

[२]

श्रीबाला त्रिपुरा मातृका-साधना

किसी देवता का यजन करने से पूर्व शास्त्र यह आज्ञा देता है कि प्रथम उस देवता के स्वरूप बनो, पश्चात् यजन करो। ठीक भी है। यदि भाँग पीनेवाले से दोस्ती करनी है, तो प्रथम भाँग पीना-सीखना आवश्यक है, जिससे मैत्री शीघ्र व स्थायी हो सके। अन्यथा मैत्री का होना असम्भव है। उपासना करने में भी मानव का प्रधान लक्ष्य देवताओं से मैत्री करने का ही है। अतः देवता की साधना करने के लिए यह आवश्यक है कि स्वयं 'देव-स्वरूप' बने। इसीलिए शास्त्रों में लिखा है-**'देवो भूत्वा यजेत् देवं, नादेवो देवम् अर्चयेत्।'**

इसी सिद्धान्त को ध्यान में रखकर, प्रत्येक सम्प्रदाय के प्रवर्तकों ने, अपने अनुयायी-वर्ग को 'देव-स्वरूप' बनाने की प्रथम व्यवस्था की है। 'तन्त्र-कारों' ने भी '**देवत्व**' की प्राप्ति हेतु सुलभ साधनों को खोजकर उनका उपदेश किया है। इन साधनों में पहला साधन '**न्यास**' है। '**न्यास**' का सीधा-सा अर्थ होता है-रखना या स्थापित करना। अतः जिस देवता की शक्तियों का आप न्यास करेंगे, बस, आपकी आत्मा उस तत्त्व से युक्त हो जाएगी।

न्यासों में '**मातृका-न्यास**' प्रमुख है। लिखा भी है-'**उपास्या मातृका देवी, यद्वा भूत-लिपिः परा।**'

'**मातृका-न्यास**' शुद्ध-विन्दु-युक्त, विसर्ग-सहितादि भेद से अनेक प्रकार का होता है। प्रारम्भिक अवस्था में साधक सभी '**मातृका-न्यास**' नहीं कर सकता। अतः प्रारम्भ में साधकों को केवल अपने देवता की '**मातृकाओं**' का न्यास करना चाहिए। यहाँ '**बाला त्रिपुरा मातृका**' का वर्णन 'श्रीश्रीविद्यार्णव तन्त्र' के अनुसार किया जा रहा है-

कामिनी मोदिनी चैव, मदनोन्मादिनी ततः।
द्राविणी खेचरी चैव, घण्टिका च कलावती॥
क्लेदिनी शिव-दूती च, ततश्च सुभगा भगा।
विद्येशी च महा-लक्ष्मी, कौलिनी च सुरेश्वरी॥
स्वराणां शक्तयः प्रोक्तास्ततश्च कुल-मालिनी।
व्यापिनी च भगा चैव, वागीशी तदनन्तरम्॥
वषट्-कारी पिङ्गला च, भग-सर्पिण्यतः परम्।
सुन्दरी च ततो नील-पताका त्रिपुरा ततः॥
सिद्धेश्वरी ह्यमोघा च, रत्न-मालिन्यतः परम्।
मङ्गला भग-माला च, नित्या रौद्री ततः परम्॥
व्योमेश्वरी अम्बिका चाप्यट्टहासा ततः परम्।
आप्यायिनी च वज्रेशी, क्षोभिणी शाम्भवी तथा॥
स्तम्भिनी चाप्यनामा च, रक्ता शुक्लाऽपराजिता।

सम्वर्तिका च विमला, अघोरा घोरया युता ।।
बिम्बादि-भैरवी चैव, सर्वाकर्षिणिका तथा ।
एता पञ्चाशदाख्याता, पञ्चाशद्-वर्ण-विग्रहा ।।

अर्थात्–१. कामिनी, २. मोदिनी, ३. मदना, ४. उन्मादिनी, ५. द्राविणी, ६. खेचरी, ७. घण्टिका, ८. कलावती, ९. क्लेदिनी, १०. शिव-दूती, ११. सुभगा, १२. भगा, १३. विद्येशी, १४. महा-लक्ष्मी, १५. कौलिनी, १६. सुरेश्वरी, १७. व्यापिनी, १८. भगा, १९. वागीशी, २०. वषट्-कारी, २१. पिङ्गला, २२. भग-सर्पिणी, २३. सुन्दरी, २४. नील-पताका, २५. त्रिपुरा, २६. सिद्धेश्वरी, २७. अमोघा, २८. रत्न-मालिनी, २९. मङ्गला, ३०. भग-माला, ३१. नित्या, ३२. रौद्री, ३३. व्योमेश्वरी, ३४. अम्बिका, ३५. अट्टहासा, ३६. आप्यायिनी, ३७. वज्रेशी, ३८. क्षोभिणी, ३९. शाम्भवी, ४०. स्तम्भिनी, ४१. अनामा, ४२. रक्ता, ४३. शुक्ला, ४४. अपराजिता, ४५. सम्वर्तिका, ४६. विमला, ४७. अघोरा, ४८. घोरा, ४९. बिम्ब-भैरवी, ५०. सर्वाकर्षिणी ।

पञ्चाशत् शुद्ध मातृका के साथ मातृका-स्थलों पर, उक्त मातृकाओं का न्यास करने से साधक 'बाला-स्वरूप' हो जाता है तथा उसके पश्चात् जितने भी न्यास किए जाएँगे, वे सब भगवती बाला के न्यास-वत् यौग-वाही हो जाएँगे । यथा–

अं कामिन्यै नमः ललाटे । आं मोदिन्यै नमः मुख-वृत्ते । इं मदनायै नमः दक्ष नेत्रे । ईं उन्मादिन्यै नमः वाम नेत्रे । उं द्राविण्यै नमः दक्ष कर्णे । ऊं खेचर्यै नमः वाम कर्णे । ऋं घण्टिकायै नमः दक्ष नासायाम् । ॠं कलावत्यै नमः वाम नासायाम् । ऌं क्लेदिन्यै नमः दक्ष गण्डे । ॡं शिव-दूत्यै नमः वाम गण्डे । एं सुभगायै नमः ऊर्ध्व ओष्ठे । ऐं भगायै नमः अधो ओष्ठे । ओं विद्येश्यै नमः ऊर्ध्व दन्त-पंक्तौ । औं महा-लक्ष्म्यै नमः अधो दन्त-पंक्तौ । अं कौलिन्यै नमः शिरसि । अः सुरेश्वर्यै नमः मुखे ।

कं व्यापिन्यै नमः दक्ष बाहु-मूले । खं भगायै नमः दक्ष कूर्परे । गं वागीश्यै नमः दक्ष मणि-बन्धे । घं वषट्-कार्यै नमः दक्ष कर-तले । ङं पिङ्गलायै नमः दक्ष कराग्रे । चं भग-सर्पिण्यै नमः वाम बाहु-मूले । छं सुन्दर्यै नमः वाम कूर्परे । जं नील-पताकायै नमः वाम मणि-बन्धे । झं त्रिपुरायै नमः वाम कर-तले । ञं सिद्धेश्वर्यै नमः वाम कराग्रे । टं अमोघायै नमः दक्षोरु-मूले । ठं रत्न-मालिन्यै नमः दक्ष जानुनि । डं मङ्गलायै नमः दक्ष गुल्फे । ढं भग-मालायै नमः दक्ष पाद-तले । णं नित्यायै नमः दक्ष पादाग्रे । तं रौद्र्यै नमः वामोरुं-मूले । थं व्योमेश्वर्यै नमः वाम जानुनि । दं अम्बिकायै नमः वाम गुल्फे । धं अट्टहासायै नमः वाम पाद-तले । नं आप्यायिन्यै नमः वाम पादाग्रे । पं वज्रेश्यै नमः दक्ष पार्श्वे । फं क्षोभिण्यै नमः वाम पार्श्वे । बं शाम्भव्यै नमः पृष्ठे । भं स्तम्भिन्यै नमः नाभौ । मं अनामायै नमः जठरे । यं रक्तायै त्वगात्मने नमः हृदि । रं शुक्लायै असृगात्मने नमः दक्षांशे । लं अपराजितायै मांसात्मने नमः ककुदि । वं सम्वर्तिकायै मेदात्मने नमः वामांशे । शं विमलायै अस्थ्यात्मने नमः हृदादि दक्ष करांगुल्यन्तम् । षं अघोरायै मज्जात्मने नमः हृदादि वाम करांगुल्यन्तम् । सं घोरायै शुक्रात्मने नमः नाभ्यादि दक्ष पादान्तम् । हं बिम्ब-भैरव्यै जीवात्मने नमः नाभ्यादि वाम पादान्तम् । ळं सर्वाकर्षिण्यै परमात्मने नमः हृदादि कुक्षौ।

❒❒❒

'त्रिपुरा' के बीजों की सरल साधना

('कौलावली निर्णय' के अनुसार)

'कौलावली निर्णय' में 'त्रिपुरा' के बीजों की सरल साधना इस प्रकार वर्णित है–

साधक शुक्ल वस्त्र पहन कर, श्वेत गन्धादि से भूषित होकर, शुक्ल पुष्प–माला धारण कर, श्वेत आसन पर बैठकर, शुक्ल पुष्पों और श्वेत रङ्ग के नैवेद्य से, जो लड्डू, खीर, दुग्ध, नाना प्रकार के अन्नों, शर्करा, नाना प्रकार के फलों से युक्त हो, **'वाग्भव-बीज'** (ऐं) की साधना करे। **'वागीश्वरी'** का ध्यान करते हुए साधक **'वाग्भव-बीज'** का जप करे। **ध्यान यह है–**

कर्पूर-धवलां शुभ्र-पुष्पाभरण-भूषिताम् । अत्यन्त-शुभ्र-वसनां, वज्र-मौक्तिक-भूषणाम् ।।
मुक्ता-फल-समुद्भूत-जप-माला-लसत्-कराम् । पुस्तकं वर-दानं च, दधतीमभय-प्रदाम् ।।

इस प्रकार ध्यान कर 'वागीश्वरी' का यथा-विधि पूजन करे। फिर यह भावना करे कि **वागीश्वरी** मूलाधार से ब्रह्म–रन्ध्र–पर्यन्त पीयूष–वर्षा करती हुई, ज्योतिर्मयी होकर जिह्वाग्र में स्थित हैं। यह भावना करता हुआ साधक पुरश्चरण की संख्या (तीन लाख) के अनुसार **'वाग्भव-बीज'** का जप करे। इस साधना से अत्यन्त मूर्ख और जड़ व्यक्ति भी, जो एक पद तक शुद्धता-पूर्वक न बोल सकता हो, वृहस्पति के समान वाग्मी और विद्वान् हो जाता है।

'काम-बीज' (क्लीं) की साधना रक्त मन्दिर में स्थित होकर, रक्त–वस्त्र, रक्तालङ्कार और लाल चन्दनादि से भूषित हो, नाना प्रकार के लाल पुष्पों तथा विविध प्रकार के लाल रङ्ग के नैवेद्यों से करनी चाहिए। **'कामेश्वरी'** का ध्यान करते हुए साधक **'काम-बीज'** (क्लीं) का जप करे। **ध्यान यह है–**

मूलादि-ब्रह्म-रन्ध्रान्तं, स्फुरद्-दीप्ति-स्वरूपिणीम् । बन्धूक-कुसुमाकार-कान्ति-भूषण-भूषिताम् ।।
इक्षु-कोदण्ड-पुष्पेषु, वराभय-लसत्-कराम् । उद्-दीप्त-कान्ति-सिन्दूर-भाल-त्रिनयनान्विताम् ।।

इस प्रकार ध्यान कर **'कामेश्वरी'** का यथा-विधि पूजन करे। तदनन्तर पुरश्चरण की संख्या (तीन लाख) के अनुसार **'काम-बीज'** का जप करे। इस साधना के फल–स्वरूप त्रैलोक्य क्षण भर में वशीभूत होता है और साधक साक्षात् 'कामदेव' के समान जगत् में शोभायमान होता है।

'शक्ति-बीज' (सौः) की साधना में साधक को स्व–शरीर में मूलाधार से ब्रह्म–रन्ध्र तक व्याप्त 'शक्तीश्वरी' का ध्यान निम्न प्रकार करना होता है–

स्रवत्-पीयूष-धाराऽभिवर्षन्तीं विष-हारिणीम् । हेम-प्रभा-भासमानां, विद्युल्लता-सम-प्रभाम् ।।
स्फुरच्चन्द्र-कला-पूर्ण-कपालं वरदाभये । ज्ञान-मुद्रां च दधतीं, साक्षादमृत-रूपिणीम् ।।

इस प्रकार ध्यान कर सुवर्ण रङ्ग के उपचारों से पूजन कर पूर्व-वत् पुरश्चरण की संख्या (तीन लाख) के अनुसार 'शक्ति-बीज' (सौः) का जप करे। इससे साधक नाना प्रकार के विघ्नों, भूत-प्रेतादि बाधाओं

और व्याधियों का अति शीघ्र नाश करने में समर्थ होता है ।

जो साधक उक्त **त्रि-कूट-मयी भगवती त्रिपुरा** का 'नाभि-मण्डल-हृत्-पद्म-मुख-मण्डल-मध्यगा पद्म-राग-मणि-स्वच्छा' परिपूर्णा-रूप में ध्यान करता हुआ साधना में तत्पर होता है, वह आठ गुना अधिक ऐश्वर्यवान् होता है । '**मातृ-चक्र**' उसके शरीर में ही होता है, जिसके प्रताप से वह पुत्रवान्, धनवान्, धीर होकर सुखी होता है ।

पूर्ण-विद्या अर्थात् पूरे मन्त्र के जप से सभी प्राणी साधक के वशीभूत होते हैं । '**वाग्भव**' से 'वाक्-पतित्व' प्राप्त होता है, '**काम-बीज**' से 'कामदेव-समान' होता है और '**शक्ति-बीज**' से 'शिवत्व' प्राप्त होता है । **कूट-त्रय (ऐं क्लीं सौः)** के जप से 'सर्व-सिद्धि' होती है ।

❒❒❒

त्र्यक्षरी मन्त्र की साधना

क-मन्त्र-उद्धार

भगवती बाला के '**त्र्यक्षर मन्त्र**' (ऐं क्लीं सौः) का उद्धार 'मन्त्र-महोदधि' में इस प्रकार दिया है-

दामोदरश्चन्द्र-युतः, आद्यं वाग्-वीजमीरितम् ।
विधिर्वासव-शान्तीन्दु-युक्तं कामाभिदं परम् ।
सङ्कर्षण-विसर्गाढ्यो, भृगुस्तार्तीयमीरितम् ।
त्रि-बीजा गदिता बाला, जगत्-त्रितय-मोहिनी ।।

अर्थात्-दामोदर='ऐ'-कार, चन्द्र-युक्त=अनुस्वार से युक्त-यह 'त्र्यक्षरी' का पहला बीज (**ऐं-वाग्-वीज**) है । विधि='क'-कार, वासव='ल'-कार, शान्ति='ई'-कार और इन्दु=चन्द्रमा=अनुस्वार-यह 'त्र्यक्षरी' का दूसरा वीज (**क्लीं-काम-वीज**) है । सङ्कर्षण=औकार, विसर्गाढ्यः=विसर्ग से युक्त, भृगुः='स'-कार-यह 'त्र्यक्षरी' का तीसरा वीज (**सौः-शक्ति-वीज**) है । यह त्रि-वीजा (**ऐं क्लीं सौः**)-तीन बीजाक्षरोंवाली **बाला-विद्या** जगत्-त्रय को मोहित करनेवाली है ।

'मन्त्र-कोष' में '**त्र्यक्षरी**' मन्त्र का उद्धार इस प्रकार है-

अधरो बिन्दुमानाद्यं, ब्रह्मेन्द्रस्थः शशि-युतः द्वितीयं । भृगु-सर्गाढ्यो मनुस्तार्ती समीरितः ।।
एषा बालेति विख्याता, त्रैलोक्य-वश-कारिणी ।

अर्थात्-अधर (ऐ-कार) बिन्दु-योग द्वारा प्रथम बीज '**ऐं**' होता है । ब्रह्म (क) के द्वारा इन्द्र (ल) से और शशि (ई) से योग करके बिन्दु देने पर '**क्लीं**' द्वितीय बीज होता है । भृगु (स) से मनु (औ) से योग करके विसर्ग देने पर तृतीय बीज '**सौः**' होता है । यह **त्रैलोक्य-वश-कारिणी बाला विद्या** विख्यात है ।

'ज्ञानार्णव तन्त्र' में इस '**त्र्यक्षरी मन्त्र**' का उद्धार इस प्रकार दिया है-

सूर्य-स्वरं समुच्चार्य, विन्दु-नाद-कलान्वितं । स्वरान्त-पृथिवी-संस्थं , तूर्य-स्वर-समन्वितम् ।।
विन्दु-नाद-कला-क्रान्तं, सर्ग-वान् भृगुरव्ययः । शक्र-स्वर-समायुक्ता, विद्येयं त्र्यक्षरी मता ।।

अर्थात्-सूर्याक्षर, द्वादश स्वर 'ऐ'-कार विन्दु-युक्त प्रथम बीज '**ऐं**' है । स्वर-वर्ण के परवर्ती वर्ण 'क'-कार में पृथ्वी (ल) का प्रयोग करके 'ई' और विन्दु देने पर द्वितीय वीज '**क्लीं**' होता है । शक्र स्वर 'औ'-कार, भृगु (स) और विन्दु एवं विसर्ग के देने पर '**सौः**' होता है । अर्थात् '**ऐं क्लीं सौः**' इस '**त्र्यक्षर मन्त्र**' से भी **त्रिपुरा बाला** की आराधना की जाती है । विसर्ग और बिन्दु-संयुक्त यह -'**त्र्यक्षरी मन्त्र**' 'शाप-ग्रस्त' है ।

'त्रिपुरा-सार-समुच्चय' में **बाला माता** के मूल-मन्त्र '**त्र्यक्षरी**' के विषय में इस प्रकार लिखा है-

अथ त्रि-लोकार्चित-शासनाया, वक्ष्यामि बीज-त्रयमम्बिकायाः ।
गोप्तव्यमेतत् कुल-धर्म्मविद्भिरमुष्य-हेतोर्निज-सिद्धये च ।।१

अर्थात् तीनों लोकों द्वारा अर्चिता शासिका के तीनों बीजों को बताऊँगा । कुल-धर्म के जाननेवालों को कुल-रक्षा एवं अभीष्ट-सिद्धि के लिए उन्हें गुप्त रखना चाहिए ।।१

कान्तादि-भूत-पदगं क-गतार्द्ध-चन्द्रम् , दन्तान्त-पूर्व-जलधि-स्थित-वर्ण-युक्तम् ।
एतज्जपन् नर-वरो भुवि वाग्भवाख्यं, वाचां सुधा-रस-मुचां लभते स सिद्धिम् ।।२

पहले वीज का उद्धार करते हैं–'**कान्तादि-भूत-पदगं**' अर्थात् क-कार अन्त में है जिसके, उस विसर्ग '**अः**' का आदि-भूत पद='अ'। '**दन्तान्त-पूर्व**' अर्थात् 'दन्त'=ओ, उसके अन्त में आनेवाला 'औ' उससे पहले– '**जलधि-स्थित-वर्ण**' अर्थात् विलोम क्रम से चौथे स्थानवाला अक्षर–'ए'। इन 'अ' और 'ए' के मिलने से बना 'ऐ', उसे '**क-गतार्द्ध-चन्द्रं**' अर्थात् सिर पर अनुस्वार युक्त करने से '**वाग्भव**' नामक बीज 'ऐं' प्रस्तुत होता है, जिसे जपता हुआ श्रेष्ठ मनुष्य पृथ्वी पर अमृत रस बहानेवाली वाणी से अभीष्ट सिद्धि प्राप्त करता है।।२

कान्तान्तं कुल-पूर्व-पञ्चम-युतं नेत्रान्त-दन्तान्वितम् ।
कामाख्यं गदितं जपन् मनुरयं साक्षाज्जगत्-क्षोभ-कृत् ।।३

दूसरे बीज का उद्धार करते हैं–'**कान्तान्तं**' अर्थात् 'क'=विन्दु या 'अं' उसके अन्त में आनेवाला 'अः' और उसके बाद का अक्षर '**क**', '**कुल-पूर्व-पञ्चम-युतं**' अर्थात् 'कुल' या स-कार से पहले विलोम-क्रम से पाँचवें स्थान पर आनेवाला अक्षर '**ल**' से युक्त='**क्ल**'। '**नेत्रान्त-दन्तान्वितं**' अर्थात् 'नेत्र' या 'इ' के अन्त में आनेवाला स्वर 'ई', 'दन्त' या अनुस्वार से युक्त उसमें जोड़ें, तो 'काम' नामक यह मन्त्र '**क्लीं**' जपने से सारा संसार प्रत्यक्ष रूप से विचलित हो उठता है ।।३

दन्तान्तेनयुतं स-दन्ति-सकलं सम्मोहनाख्यं कुलम् ।
सिद्ध्यत्यस्य गुणाष्टकं खेचरता-सिद्धिश्च नित्यं जपात् ।।४

तीसरे बीज का उद्धार करते हैं–'**दन्तान्त**' अर्थात् 'औ' से युक्त दन्ती 'स' = 'सौ' को '**सकल**' अर्थात् विसर्ग-सहित–'**सौः**' का सदा जप करने से अष्ट-सिद्धि और खेचरी-सिद्धि प्राप्त होती है ।।४

ऋषिर्दक्षिणामूर्ति-संज्ञो महात्मा, भवेच्छन्द एतस्य मन्त्रस्य पंक्तिः ।
सरस्वत्यचिन्त्य-प्रभावा प्रदिष्टा, बुधैर्देवता देव-वृन्दार्चिताङ्घ्रीः ।।
अमुष्य मन्त्रस्य रदान्त-युक्तम्, बीजं स-दण्डं नकुलीश-पूर्वम् ।
शक्तिस्तु साखण्डल-कर्ण-पूर्व-सहार्ध-जैवातृकमाननान्तम् ।।५

उक्त त्र्यक्षर मन्त्र के ऋषि आदि बताते हैं–इस मन्त्र के ऋषि **दक्षिणामूर्ति** नामक महात्मा हैं। **छन्द पंक्ति** है। इस मन्त्र का **बीज** 'रद' या 'ओ' के अन्त में आनेवाला स्वर 'औ' से युक्त 'नकुलीश' या 'ह' से पूर्व आनेवाले व्यञ्जन 'स' अर्थात् 'सौ' को 'दन्त' या अनुस्वार लगाने से '**सौं**' बनता है। इस मन्त्र की **शक्ति** '**आखण्डल-कर्ण-पूर्व**' अर्थात् 'ल' में 'ई' को 'अर्द्ध-जैवातृक' या 'अर्द्ध-चन्द्र' के साथ 'आननान्त' या 'क' में लगाने से '**क्लीं**' बनता है। इस मन्त्र का वर्ण '**शुक्ल**' है और स्वर '**गान्धार**' है ।।५

उक्त '**त्र्यक्षरी मन्त्र**' का माहात्म्य लिखते हुए 'मन्त्र-महोदधि'-कार कहते हैं कि इस '**त्र्यक्षरी मन्त्र**' के जपने से उपासक विद्या में देव-गुरु 'वृहस्पति' के समान विद्वान् और धन-धान्य-सम्पत्ति में 'कुबेर' के समान हो जाता है।

✵✵

ख–'त्र्यक्षरी मन्त्र' के प्रत्येक वीज की साधना

'त्र्यक्षरी मन्त्र' के प्रत्येक बीज को 'एकाक्षर मन्त्र' मानकर भी उपासना की जाती है। **तीनों बीजाक्षर-मन्त्रों के ध्यान और** उपासना-विधि निम्न प्रकार है–

'ऐं' का ध्यान'

विद्याक्ष-माला-सुकपाल-मुद्रा-राजत्-करां कुन्द-समान-कान्तिम् ।
मुक्ता-फलालंकृति-शोभिताङ्गीं, बालां स्मरेद् वाङ्-मय-सिद्धि-हेतोः ।।
ध्यात्वैवं वाग्भवं लक्ष-त्रयं शुक्लाम्बरावृतः ।
शुक्ल-चन्दन-लिप्ताङ्गो, मौक्तिकाभरणान्वितः ।।
जपित्वा तद्दशांशेन, पालाश-कुसुमैर्नवैः ।
जुहुयात् मधुराक्तैर्यः, स कविर्युवती-प्रियः ।।

प्रथम वीज की उपासना हेतु उपासक को शुक्ल वस्त्र धारण कर, शुक्ल चन्दन और मोतियों के आभरणों से विभूषित होकर, **भगवती बाला** का उक्त प्रकार ध्यान कर प्रथम वाग्–भव बीज '**ऐं**' का तीन लाख जप करना चाहिए। जप के बाद मधु-युक्त पलाश (ढाक) पुष्पों से दशांश हवन करना चाहिए। जो ऐसा करता है, वह कवि और वनिता-प्रिय बनता है।

क्लीं का ध्यान

भजेत् कल्प-वृक्षाध उद्दीप्त-रत्नासने, सन्निषण्णां मदाघूर्णिताक्षीम् ।
करैर्बीज-पूरं कपालेषु-चापं, स-पाशांकुशां रक्त-वर्णं दधानाम् ।।
ध्यात्वा देवीं जपेल्लक्ष-त्रयं यो मध्य-वीजकम् ।
रक्त-वस्त्रावृतो रक्त-भूषणो रक्त-लेपनः ।।
दशांशं मालती-पुष्पैश्चन्द्र-चन्दन-लोलितैः ।
जुहुयात् तस्य वश्याः स्युस्त्रि-लोक-जनताः क्षणात् ।।

द्वितीय बीज की उपासना हेतु उपासक को रक्त वस्त्र पहन कर, रक्त-चन्दन और रक्त-पुष्पों से सु-सज्जित होकर, **भगवती बाला** का उक्त प्रकार ध्यान कर द्वितीय काम-वीज (**क्लीं**) का तीन लाख जप करना चाहिए। जप के बाद कर्पूर और चन्दन से मिश्रित मालती के पुष्पों से दशांश हवन करना चाहिए। जो ऐसा करता है, वह तीनों लोकों के लोगों को वश में कर लेता है।

'सौः' का ध्यान

व्याख्यान-मुद्रामृत-कुम्भ-विद्यामक्ष-स्रजं सन्दधतीं कराग्रैः ।
चिद्-रूपिणीं शारद-चन्द्र-कान्तिं, बालां स्मरेन्मौक्तिक-भूषिताङ्गीम् ।।
ध्यात्वैवं शक्ति-वीजं च, जपेल्लक्ष-त्रयं सुधीः ।
सित-वस्त्रानुलेपाढ्यामात्मनं देवतां स्मरेत् ।।

मालती-कुसुमैर्हुत्त्वा, चन्दनाक्तैर्दशांशतः ।
लक्ष्मीर्विद्या-सुकीर्ति-नामाधारो जायते चिरात् ।।

तृतीय वीज की उपासना हेतु उपासक को शुभ्र-वस्त्र पहन कर, शुक्ल चन्दन, माला से विभूषित होकर, **भगवती बाला** का उक्त प्रकार ध्यान कर तृतीय वीज (**सौः**) का तीन लाख जप करना चाहिए। जप के बाद चन्दन-मिश्रित मालती पुष्पों से दशांश हवन करना चाहिए। जो ऐसा करता है, वह चिर-काल तक संसार में लक्ष्मी, विद्या और कीर्ति का भाजन बन जाता है।

✱✱

ग-पुरश्चरण

बाला त्रिपुर-सुन्दरी के '**त्र्यक्षरी मन्त्र**' का **पुरश्चरण** करने के लिए **तीन लाख जप** करना चाहिए। जप के बाद, जप का दशांश हवन किंशुक पुष्प (ढाक के फूल) अथवा रक्त करवीर (लाल कनेर) के फूलों को मधु में मिलाकर करना चाहिए। यथा–

लक्ष-त्रयं जपेन्मन्त्रं, दशांशं किंशुकोद्भवैः । पुष्पैर्हयारिजैर्वाऽपि, जुहुयान्मधुरान्वितैः ।।

✱✱

घ-शापोद्धार, उत्कीलन, दीपन तथा गुरु-परम्परा

भगवती बाला की यह '**त्र्यक्षरी विद्या**' भगवान् सदा-शिव से कीलित की गई है। अतः इसका **शापोद्धार** और **उत्कीलन** कर तथा बीजाक्षरों का **दीपन** कर मन्त्र का जप करना चाहिए। **शापोद्धार, उत्कीलन एवं दीपन की विधि** इस प्रकार है–

योजयेद् आदिमे वीजे, वाराह-भृगु-पावकान् ।
मध्यमादौ नभो हंसो, मध्यमान्ते तु पावकम् ।।
आदाबन्ते च तार्तीये, क्रमाद्वै धूम-केतनम् ।
एवं जप्त्वा शतं विद्या, शाप-हीना फल-प्रदा ।।

बाला त्रिपुर-सुन्दरी के प्रथम **वाग्भव-वीज** के पहले वाराह= 'ह'-कार, भृगु= 'स'-कार, पावक= 'र'-कार जोड़कर उसे भैरवी-वीज (**ह्स्रैं**) बनाए। द्वितीय **काम-वीज** के पूर्व भी नभः= 'ह'-कार, हंसः= 'स'-कार जोड़कर द्वितीय भैरवी-वीज (**ह्स्क्लीं**) बना ले। पुनः तृतीय **शक्ति-बीज** के आगे भैरवी-बीज जोड़े (**ह्स्रौः**)। इस प्रकार '**त्र्यक्षरी मन्त्र**' के तीनों बाला-वीजों के आगे भैरवी के वीज लगाकर मन्त्र बनाना चाहिए। इस मन्त्र का एक सौ बार जप करने से '**बाला त्र्यक्षरी विद्या**' शाप-हीना होकर फल-प्रदा होती है।

'**शाप-मोचन' का द्वितीय प्रकार** भी है। यथा–दो बार 'वाग्'-बीज, पुनः 'शक्ति'-बीज, पुनः 'काम'-बीज दो बार, फिर 'वाग्-वीज', फिर दो बार 'शक्ति'-बीज और अन्त में 'काम'-बीज लगाने से 'बाला विद्या'

का 'नवाक्षर मन्त्र' (ऐं ऐं सौः क्लीं क्लीं ऐं सौः सौः क्लीं) बन जाता है । इस **'नवाक्षर मन्त्र'** का **१०८ बार (अष्टोत्तर-शत)** जप करने से 'शाप' की निवृत्ति हो जाती है । यथा–

आद्यमाद्यञ्च तार्तीयं, कामः कामोऽथ वाग्भवम् ।
अन्त्यमन्त्यमनङ्गश्च, नवार्णः कीर्तितो मनुः ।।
जप्तोऽयं शतधा शापं, बालाया विनिवर्तते ।

'चेतनी' और **'आह्लादिनी'** मन्त्रों के जपने से बाला **'त्र्यक्षरी विद्या'** का निष्कीलन हो जाता है ।

'चेतनी-मन्त्र' में तीन स्वर हैं अर्थात् अधरः=ऐं वाग् -वीज, शान्तिः='ई'-कार अनुस्वार के साथ, अनुग्रह=सानुस्वार 'औ'-कार । इस **'चेतनी-मन्त्र'** (**ऐं ईं औं**) के सौ बार जपने से **'निष्कीलन'** होता है ।

'काम'-बीज के आदि में तार=**'ॐ'-कार** और अन्त में हृदय=**'नमः'** जोड़ने से **'आह्लादिनी-मन्त्र' (ॐ क्लीं नमः)** बन जाता है । इस मन्त्र का **शत-बार** जप करने से **निष्कीलन** हो जाता है । यथा–

चेतना ह्लादिनी मन्त्रौ, जप्तौ निष्कीलिता करौ ।
त्रि-स्वराश्चेतनी मन्त्रोऽधरः शान्तिरनुग्रहः ।।
तारादि-हृदयान्तः स्यात्, काम आह्लादिनी मनुः ।

'त्र्यक्षरी विद्या' के तीनों वीजों का **दीपन** तीन मन्त्रों से होता है । प्रथम **'वाग्'-वीज का 'दीपनी मन्त्र'–'ॐ वद वद वाग्वादिनि ऐं'** है । द्वितीय **'काम'**-वीज का–**'ॐ क्लिन्ने क्लेदिनि महा-क्षोभं कुरु क्लीं'** है तथा तृतीय **'शक्ति'-वीज** का 'दीपनी मन्त्र'–**'ॐ सौः मोक्षं कुरु'** है । इन **'दीपनी मन्त्रों'** का जप किए बिना **बाला 'त्र्यक्षरी विद्या'** का मन्त्र फल-प्रद नहीं होता । **'त्र्यक्षरी विद्या'** के इस रहस्य को कृतघ्न और शठ पुरुषों को कभी न बताना चाहिए । यथा–

तथा त्रयाणां वीजानां, दीपनैर्मनुभिस्त्रिभिः । सु-दीप्तानि विधायादौ, जपेत्तानीष्ट-सिद्धये ।।
वद युग्मं सदीर्घाम्बु, स्मृति बाला वनन्तगौ । सत्यः स-नेत्रो नस्तादृक्, वाङ् नवार्णाद्य-दीपिनी ।।
क्लिन्ने क्लेदिनि वैकुण्ठो, दीर्घ-खं सद्यगोऽन्तिमः । निद्रा स-चन्द्रा कुर्वन्ता, शिवार्णा मध्य-दीपिनी ।।
तारो मोक्षं च कुर्वन्ता, पञ्चार्णाऽन्त्यस्य दीपिनी । दीपिनीमन्तरा बालाऽऽराधिताऽपि न सिद्धिदा ।।
इदं रहस्यं नाख्येयं, कृतघ्न-कितवे शठे । परीक्षिताय दातव्यं, अन्यथा दातृ-दोषदम् ।।

बाला 'त्र्यक्षरी मन्त्र' की गुरु-परम्परा निम्न प्रकार है–

दिव्यौघ गुरु–**१. प्रकाशानन्द-नाथ, २. परमेशानन्द-नाथ, ३. पर-शिवानन्द-नाथ, ४. कामेश्वरानन्द-नाथ, ५. मोक्षानन्द-नाथ, ६. कामानन्द-नाथ** और **७. अमृतानन्द-नाथ ।**

सिद्धौघ गुरु–**१. ईशानानन्द-नाथ, २. तत्पुरुषानन्द-नाथ, ३. अघोरानन्द-नाथ, ४. वामदेवानन्द-नाथ** और **५. सद्योजातानन्द-नाथ ।**

मानवौघ गुरु–**१. गगनानन्द-नाथ, २. विश्वानन्द-नाथ, ३. विमलानन्द-नाथ, ४. मदनानन्द-नाथ, ५. आत्मानन्द-नाथ, ६. प्रियानन्द-नाथ ।**

गुरु-चतुष्टय–१. गुरु, २. परम गुरु, ३. परात्पर गुरु और ४. परमेष्ठि-गुरु (अपने गुरु-देव के सम्प्रदायानुसार) ।

✱✱

च-हवन

बाला 'त्र्यक्षरी मन्त्र' की साधना में प्रति-दिन त्रि-मधु-युक्त निर्दोष रक्त **'पद्म'** द्वारा होम कर ब्राह्मण साधकों को भोजन कराए। सु-वासिनी स्त्रियों को जगदम्बा-स्वरूप समझते हुए उनका पूजन कर उन्हें प्रसन्न करे। इस प्रकार होमादि के समाप्त होने पर अपने गुरु-देव को धन-धान्यादि द्वारा सन्तुष्ट करे।

उक्त विधि से अनुष्ठान करने पर जगत् वशीभूत होता है। साधक पर लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और वह सभी प्रकार के वैभव से युक्त होता है, इसमें संशय नहीं।

त्रि-मधु-समन्वित रक्त 'उत्पल', रक्त-वर्ण 'करवीर' पुष्प अथवा घृताक्त **'परमान्न'** द्वारा होम करके अखिल जगत् को वशीभूत किया जा सकता है। **'पलाश पुष्प'** द्वारा होम करने पर साधक 'वाक्'-सिद्धि को प्राप्त करता है। **'कर्पूर'** और **'अगरु'**-संयुक्त **'गुग्गुल'** द्वारा होम करने पर साधक 'दिव्य-ज्ञान' को प्राप्त करता है, कवित्व-शक्ति उसमें उत्पन्न हो जाती है। **'दुग्ध'** के साथ **'गुडूची-खण्ड'** द्वारा होम करने पर सकल प्रकार की अप-मृत्यु दूर होती है। **'दूर्वा'** द्वारा त्रि-दिन हवन करने पर दीर्घ जीवन का लाभ होता है। **'गिरिकर्णि पुष्प'** द्वारा 'ब्राह्मण' को, **'कल्लार पुष्प'** द्वारा 'राज-वृन्द' को, **'मालती कुसुम'** द्वारा 'राज-पुत्र-गण' को, **'पीतझिण्टी पुष्प'** द्वारा 'वैश्य-गण' को, **'पाटल पुष्प'** द्वारा हवन कर 'शूद्र' को वशीभूत किया जा सकता है।

मन्त्र के मध्य में अनुलोम-विलोम से साध्य का नाम युक्त कर मन्त्र का उच्चारण करते हुए **त्रि-मधु-समन्वित जाती पुष्प, विल्व पुष्प, जाती-फल, विल्व-फल** द्वारा हवन करने पर नर-नारी और नरपति सकल को वश में किया जा सकता है, इसमें सन्देह नहीं।

चन्दनाक्त 'मालती' और **'वकुल'** पुष्प द्वारा हवन करने पर साधक एक वर्ष में 'कवित्व-शक्ति' को प्राप्त करता है। **त्रि-मधु-युक्त 'विल्व-फल'** द्वारा हवन करने पर समस्त लोक का वशीकरण एवं वाञ्छित सम्पदा का लाभ होता है। जो व्यक्ति **'पाटल'** पुष्प, **'कुन्द'** पुष्प, **'उत्पल'**, **'नागकेशर'**, **'चम्पक'** द्वारा हवन करता है, वह एक वर्ष में ऐश्वर्य-बल से परिपूर्ण होता है। **'घृताक्त अन्न'** द्वारा हवन करने पर अन्न-समृद्धि का लाभ किया जा सकता है। जो व्यक्ति इन्द्रिय-संयम करके **'कस्तूरी'** और **'कुंकुम'** एकत्र करके **कर्पूर** द्वारा हवन करता है, वह कन्दर्प की भी अपेक्षा अधिक सौन्दर्य-सम्पन्न होता है। जो साधक **घृत, दग्धि, दुग्ध-मिश्रित 'लाजा'** द्वारा हवन करता है, वह निखिल रोग से मुक्त होकर शत वर्ष जीवित रहता है।

हवन के पश्चात् अर्द्ध-भाग **चन्दन**, चतुर्थांश **कुंकुम** एवं **गोरोचन**-इन तीन वस्तुओं को शीतल जल से मिलाकर उससे ललाट में **'तिलक'** धारण करने से सारा विश्व वशीभूत होता है। इसी प्रकार **कर्पूर, गाँठियाला** और **कृष्ण-शटी** सम परिमाण में लेकर, उसके चार भाग **जटामांसी**, चार भाग **गोरोचन**, सात भाग **कुंकुम**, दो भाग **चन्दन**-ये सब वस्तुएँ मिश्रित करके शीतल जल में किसी कन्या से पिसवा ले। इस द्रव्य को मन्त्र-पूत कर उससे **'तिलक'** करे, तो सभी प्राणी वशीभूत होते हैं।

❑❑❑

[५]

श्री त्रिपुरा लघु-स्तव-राज-विधान

सृष्टि के आरम्भ में **ब्रह्म-सत्ता** स्वतः चेतन होकर प्रथम '**ज्ञान-शक्ति**' को उत्पन्न करती है। तदनन्तर '**इच्छा-शक्ति**' प्रगट होती है और **ब्रह्म-सत्ता** इच्छा करती है कि मैं एक-रूपा अनेक रूपों में परिणत हो जाऊँ। फिर '**क्रिया-शक्ति**' प्रकट होती है और **ब्रह्म-सत्ता** सृष्टि की रचना प्रारम्भ करती है। इस प्रकार **ब्रह्म-सत्ता**–**१. ज्ञान, २. इच्छा** और **३. क्रिया**–इन तीन रूपों में प्रगट होकर संसार को रचती है। '**ज्ञान**'– 'चित् -शक्ति', '**इच्छा**' को 'आनन्द-शक्ति' और '**क्रिया**' को 'सत्-शक्ति' कहते हैं। अतएव '**ब्रह्म-सत्ता**' का नाम–'**सच्चिदानन्द**' भी है।

वेदान्त में इस '**ब्रह्म-सत्ता**' को '**धर्मी**' और इसके स्वाभाविक धर्म–ज्ञान, इच्छा और क्रिया के समष्टि-रूप को '**ब्रह्म-धर्म**' कहा गया है। उपनिषदों का यह स्पष्ट सिद्धान्त है कि '**ब्रह्म-धर्म**' न तो जड़ वस्तु है और न ही सजीव, अपितु **चित्-स्वरूप** ब्रह्म ही है।

तन्त्रों एवं पुराणों में उपर्युक्त '**ब्रह्म-धर्म**'–**१. विष्णु** और **२. शक्ति** के भेदों से दो प्रकार का माना गया है। '**विष्णु-धर्म**' अर्थात् '**वैष्णव धर्म**' में ज्ञान, इच्छा और क्रिया-शक्ति का स्वरूप क्रमशः **ब्रह्मा, विष्णु** और **महेश** हैं तथा '**शक्ति-धर्म**' में ज्ञान, इच्छा और क्रिया-शक्ति का स्वरूप क्रमशः **महा-सरस्वती, महा-लक्ष्मी** और **महा-काली** रूपात्मक माना गया है।

'मन्त्र-शास्त्र' में उपर्युक्त '**ब्रह्म-धर्म**' के लिए तीन बीजाक्षरों का सङ्केत हुआ है। यथा-'**ज्ञान-शक्ति**' हेतु बीजाक्षर-'**ऐं**', '**इच्छा-शक्ति**' हेतु बीजाक्षर-'**क्लीं**' और '**क्रिया-शक्ति**' हेतु बीजाक्षर-'**सौः**' निरूपित है तथा इन बीजाक्षरों की सङ्केत-संज्ञा क्रमशः– '**ऐ, ई, औ**' है।

प्राचीन समय में एक 'मन्त्र-शास्त्र-सिद्ध' **श्री लघ्वाचार्य ऋषि हुए हैं**। इनके द्वारा '**ब्रह्म-धर्म**' के सङ्केताक्षर, गूढ़ रूप से एक स्तोत्र में स्थापित हुए। यह स्तोत्र '**श्रीलघु-स्तव-राज**' नाम से प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि एक समय उक्त 'सर्व-शास्त्र-सिद्ध' श्रेष्ठ पण्डित किसी बड़े राजा की सभा में पधारे। राजा ने उनसे पूछा कि 'क्या आप कोई चामत्कारिक विद्या जानते हैं ?'

प्रत्युत्तर में पण्डित जी ने कहा कि 'यदि मैं किसी अपढ़ बालक के सिर पर हाथ धर दूँ, तो वह तत्काल ही धारा-प्रवाह के समान संस्कृत बोलना आरम्भ कर देगा।'

यह सुनकर राजा ने अपने नौकरों को वैसा एक बालक लाने का सङ्केत किया। नौकर लोग आठ वर्ष की आयु का एक अपढ़ बालक ले आए।

तब उक्त पण्डित जी ने लड़के को स्नान कराकर, लाल वस्त्र पहनाए और उसे राजा के सम्मुख बिठाकर, उसके सिर पर हाथ रख कर उससे उच्च स्वर से कहा कि 'बोल!'

बालक ने मनोवांछित सिद्धियों को देनेवाले, '**ऐं-क्लीं-सौः**' बीजाक्षर-युक्त, २३ श्लोकों से नव-कोटि नामवाली श्री त्रिपुरा-देवी की स्तुति की। यही स्तुति '**लघु-स्तव-राज**' अथवा '**लघु-स्तवः**' नाम से लोक-

प्रसिद्ध है। इस स्तोत्र में **भगवती बाला त्रिपुर-सुन्दरी** के जो मन्त्र आए हैं, बड़े चामत्कारिक और तात्कालिक फल-दायक हैं। **कालिदास, भारवि, माघ, श्रीहर्ष** आदि कवि-जनों का तथा **विक्रम, भोज** आदि राज-पुरुषों का जीवन-चरित देखने से विदित होता है कि ये सभी इस स्तोत्र में वर्णित मन्त्रों की साधना करके ही गौरवशाली हुए थे। सङ्कल्प और विनियोगादि-सहित वही स्तोत्र आगे प्रस्तुत है–

सङ्कल्प : **ॐ तत्सत् अद्यैतस्य ब्रह्मणोऽह्नि द्वितीय-प्रहरार्द्धे श्वेत-वाराह-कल्पे जम्बू-द्वीपे भरत-खण्डे आर्यावर्त्त-देशे अमुक-पुण्य-क्षेत्रे कलि-युगे कलि-प्रथम-चरणे अमुक-संवत्सरे अमुक-मासे अमुक-पक्षे अमुक-तिथौ अमुक-वासरे अमुक-गोत्रोत्पन्नो अमुक-नामो श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी-प्रीत्यर्थे लघु-स्तोत्रस्य अमुक-संख्यक-पाठमहं करिष्यामि।**

विनियोग : **ॐ अस्य श्रीलघु-स्तव-राज-स्तोत्र-महा-मन्त्रस्य श्रीवृद्ध-सारस्वत ऋषिः। शार्दूल-विक्रीडित छन्दः। श्री त्रिपुरा-बाला देवता। ऐं वीजं। क्लीं कीलकं। सौः शक्तिः। श्रीत्रिपुरा-बाला-प्रसाद-सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः।**

ऋष्यादि-न्यास : **श्रीवृद्ध-सारस्वत-ऋषये नमः शिरसि। शार्दूल-विक्रीडित-छन्दसे नमः मुखे। श्रीत्रिपुरा-बाला-देवतायै नमः हृदि। ऐं-वीजाय नमः लिङ्गे। क्लीं-कीलकाय नमः पादयोः। सौः-शक्तये नमः नाभौ। श्रीत्रिपुरा-बाला-प्रसाद-सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगाय नमः सर्वाङ्गे।**

कर-न्यास : **ऐं अंगुष्ठाभ्यां नमः। क्लीं तर्जनीभ्यां स्वाहा। सौः मध्यमाभ्यां वषट्। ऐं अनामिकाभ्यां हुं। क्लीं कनिष्ठाभ्यां वौषट्। सौः करतल-कर-पृष्ठाभ्यां फट्।**

अङ्ग-न्यास : **ऐं हृदयाय नमः। क्लीं शिरसे स्वाहा। सौः शिखायै वषट्। ऐं कवचाय हुं। क्लीं नेत्र-त्रयाय वौषट्। सौः अस्त्राय फट्।**

ध्यान–

आधारे तरुणार्क-बिम्ब-रुचिरं सोम-प्रभं वाग्भवम्।
बीजं मन्मथमिन्द्र-गोपक-निभं हृत्-पङ्कजे संस्थितम्॥
रन्ध्रे ब्रह्म - पदे च शक्तिमपरं चन्द्र - प्रभा - भासुरम्।
ये ध्यायन्ति पद-त्रयं तव शिवे! ते यान्ति सौख्यं पदम्॥

मानस-पूजन–**लं पृथ्वी-तत्त्वात्मकं गन्धं समर्पयामि नमः। हं आकाश-तत्त्वात्मकं पुष्पं समर्पयामि नमः। यं वायु-तत्त्वात्मकं धूपं घ्रापयामि नमः। रं अग्नि-तत्त्वात्मकं दीपं दर्शयामि नमः। वं जल-तत्त्वात्मकं नैवेद्यं निवेदयामि नमः। सं सर्व-तत्त्वात्मकं ताम्बूलं समर्पयामि नमः।**

उपर्युक्त प्रकार से **ध्यान** एवं **मानस-पूजन** करने के बाद निम्न मन्त्र पढ़ते हुए '**माला-ग्रहण**' करे–

ॐ मां माले! महा-माये! शुद्ध-सत्त्व-स्वरूपिणि!
चतुर्वर्गस्त्वयि न्यस्तस्तस्मान्मां सिद्धिदा भव॥

'**माला-ग्रहण**' करने के बाद पद-त्रय (**ऐं क्लीं सौः**) का **३ माला जप** करे। जप करने के बाद निम्न मन्त्र द्वारा देवी के बाँएँ हाथ में '**जप-समर्पण**' कर '**लघु-स्तव**' का पाठ करे–

ॐ गुह्यातिगुह्य-गोप्त्री त्वं, गृहाणास्मत्-कृतं जपम्।
सिद्धिर्मे भवतु देवि! त्वत्-प्रसादान्महेश्वरि!॥

लघु-स्तव (मूल पाठ)

ऐन्द्रस्येव शरासनस्य दधती मध्ये ललाटं प्रभाम् ,
शौक्लीं कान्तिमनुष्णगोरिव शिरस्यातन्वती सर्वतः।
एषाऽसौ त्रिपुरा हृदि द्युतिरिवोष्णांशोः सदाहः-स्थिता ,
छिन्द्यान्नः सहसा पदैस्त्रिभिरघं ज्योतिर्मयी वाङ्-मयी ।।१

या मात्रा त्रपुषी-लता-तनु-लसत्-तन्तूत्थिति-स्पर्द्धिनी,
वाग्-बीजे प्रथमे स्थिता तव सदा तां मन्महे ते वयम् ।
शक्तिः कुण्डलिनीति विश्व-जनन-व्यापार-बद्धोद्यमा,
ज्ञात्वेत्थं न पुनः स्पृशन्ति जननी-गर्भेऽर्भकत्वं नराः।।२

दृष्ट्वा सम्भ्रम-कारि वस्तु सहसा ऐ-ऐ इति व्याहृतम्,
येनाकूत - वशादपीह वरदे! विन्दुं विनाऽप्यक्षरम्।
तस्यापि ध्रुवमेव देवि! तरसा जाते तवानुग्रहे,
वाचः सूक्ति-सुधा-रस-द्रव-मुचो निर्यान्ति वक्त्राम्बुजात् ।।३

यन्नित्ये! तव काम-राजमपरं मन्त्राक्षरं निष्कलम्,
तत् सारस्वतमित्यवैति विरलः कश्चिद् बुधश्चेद् भुवि ।
आख्यानं प्रति-पर्व सत्य-तपसो यत् कीर्त्तयन्तो द्विजाः,
प्रारम्भे प्रणवास्पदं प्रणयितां नीत्वोच्चरन्ति स्फुटम् ।।४

यत् सद्यो वचसां प्रवृत्ति-करणे दृष्ट-प्रभावं बुधै-
स्तार्त्तीयं तदहं नमामि मनसा तद्-बीजमिन्दु-प्रभम् ।
अस्त्वौर्वोऽपि सरस्वतीमनु-गतो जाड्याम्बु-विच्छित्तये,
गौः शब्दो गिरि वर्त्तते सुनियतं योगं विना सिद्धिदः ।।५

एकैकं तव देवि! बीजमनघं सव्यञ्जनाव्यञ्जनम्,
कूटस्थं यदि वा पृथक्-क्रम-गतं यद्वा स्थितं व्युत्क्रमात् ।
यं यं काममपेक्ष्य येन विधिना केनापि वा चिन्तितम्,
जप्तं वा सफली-करोति तरसा तं तं समस्तं नृणाम् ।।६

वामे पुस्तक-धारिणीमभयदां साक्ष-स्त्रजं दक्षिणे,
भक्तेभ्यो वर-दान-पेशल-करां कर्पूर-कुन्दोज्ज्वलाम् ।
उज्जृम्भाम्बुज-पत्र-कान्त-नयन-स्निग्ध-प्रभाऽऽलोकिनीम्,
ये त्वामम्ब! न शीलयन्ति मनसा तेषां कवित्वं कुतः ।।७

ये त्वां पाण्डुर-पुण्डरीक-पटल-स्पष्टाभिराम-प्रभाम् ,
सिञ्चन्तीममृत-द्रवैरिव शिरो ध्यायन्ति मूर्ध्नि स्थिताम् ।
अश्रान्तं विकट-स्फुटाक्षर-पदा निर्याति वक्त्राम्बुजात् ,
तेषां भारति! भारती सुर-सरित्-कल्लोल-लोलोर्म्मि-वत् ।।८

ये सिन्दूर-पराग-पुञ्ज-पिहितां त्वत् तेजसा द्यामिमा-
मुर्व्वीं चापि विलीन-यावक-रस-प्रस्तार-मग्नामिव ।
